




सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25








वर्ष- 16 अंक - 27 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, रविवार 10 नवंबर 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-







## खास-खबर

### राजधानी के पॉश एरिया में मिली युवती की सड़ी गली लाश, रेप के बाद हत्या की आशंका

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में युवती की सड़ी गली लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। युवती की लाश से कपड़े गायब मिले और धर से सिर भी अलग था। कुत्ते के मुंह में शव का अंग देख लोगों की नजर शव पर पड़ी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शुरुआती जांच के बाद युवती की रेप के बाद हत्या की आशंका जताई है। पीएम रिपोर्ट के बाद इसका खुलासा हो पाएगा। मामला राजेन्द्र नगर पुलिस थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसारी कलर्स मॉल के पास सन एंड सन बिल्डर कंपनी की अंडर कंस्ट्रक्शन साइट है। शनिवार शाम को यहां से तेज बदबू आने की सूचना पुलिस को मिली। मौके पर जब पुलिस पहुंची तो उसे एक इंसानी खोपड़ी मिली। लोगों से पता चला कि खोपड़ी को कुत्तों ने लाया है। इसके बाद जब पुलिस की टीम अंडर कंट्रक्शन बिल्डिंग के अंदर घुसी तो वहां पर उसे मलबे में दबी सड़ी गली लाश मिली। इसके बाद पुलिस ने फौरन मेडिकल टीम और फोरेंसिक एक्सपर्ट को बुलाया।

### कपड़ों के आधार पर शिनाख्ती में जुटी पुलिस

फोरेंसिक टीम ने जांच के बाद युवती की उम्र 25 से 30 साल के बीच बताया है। शव की हालत ऐसी मिली कि पुलिस के सामने शिनाख्ती की चुनौती है। पुलिस की टीम कपड़ो के आधार पर युवती की शिनाख्ती का प्रयास कर रही है। यही नहीं पुलिस आसपास के थानों में गुमशुदगी की रिपोर्ट भी जांच कर रही है ताकि किसी तरह का सुराग मिल सके। इसके अलावा पुलिस आसपास के सीसी टीवी फुटेज भी खंगाल रही है। पुलिस को उम्मीद है कि मामला जल्द ही सुलझा लिया जाएगा।

### पुलिस विभाग में हुआ बड़ा फेरबदल: IPS अधिकारियों को मिली नई जिम्मेदारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने एक बार फिर आईपीएस अफसरों का ट्रांसफर कर दिया है। छत्तीसगढ़ शासन ने शुक्रवार को चार आईपीएस अधिकारियों का तबादला आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश के अनुसार पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक दीपांशु विजय काबरा को अजाक एवं प्रशिक्षण पुलिस मुख्यालय का अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक बनाया गया है। इसी प्रकार डॉ. आनंद छाबड़ा को नवा रायपुर पुलिस मुख्यालय प्रशिक्षण का पुलिस महानिरीक्षक, ध्रुव गुप्ता को नवा रायपुर पुलिस मुख्यालय में सीसीटीएनएस-एससीआरबी पुलिस महानिरीक्षक तथा अरविंद कुजूर को नवा रायपुर पुलिस मुख्यालय में सीएएफ का उपपुलिस महानिरीक्षक बनाया गया है।

## राज्य स्तर पर जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन 15 नवंबर को

# पीएम मोदी जमुई बिहार से करेंगे कार्यक्रम का शुभारंभ

**15 से 26 नवंबर तक होगी विशेष ग्राम सभा : वन अधिकार अधिनियम, पेसा अधिनियम और सतत् विकास लक्ष्य सहित विभिन्न विषयों पर होगी चर्चा**



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती 'जनजातीय गौरव दिवस' के अवसर पर 15 नवंबर को राजधानी रायपुर में राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जमुई बिहार से वर्चुअल रूप से जुड़कर इस समारोह का शुभारंभ करेंगे और पीएम जनमन योजना में शामिल जिलों के हितग्राहियों से चर्चा भी करेंगे।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर राजधानी रायपुर के अलावा राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में भी एक दिवसीय गौरव दिवस का आयोजन किया जाएगा। आदिम जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा ने बताया कि जनजातीय गौरव दिवस के शुभारंभ कार्यक्रम का लाईव प्रसारण पीएम जनमन योजना में शामिल जिलों में दो तरफा संवाद एवं शेष जिलों में केबल प्रसारण की व्यवस्था की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जमुई बिहार से गौरव दिवस का शुभारंभ कर संबोधित करेंगे। इस मौके पर आयोजित होने वाली कार्यक्रमों में केन्द्र व राज्य के मंत्रीगण, सांसद, विधायक तथा पंचायत प्रतिनिधि, जनजातीय परिवार के सदस्यों को आमंत्रित किया जाएगा साथ ही अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने कहा गया है।

जनजातीय गौरव दिवस के आयोजन में स्थानीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का सम्मान एवं उनके वंशजों को सम्मानित किया जाएगा। पी.एम. जनमन एवं ''धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान'' के तहत ग्राम स्तर, विकासखंड स्तर एवं जिला स्तर पर योजनाओं का प्रचार-प्रसार के साथ ही 15 से 26 नवंबर, 2024 तक सभी चिन्हांकित ग्रामों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर आयोजित होने वाली विशेष ग्राम सभा में वन अधिकार अधिनियम, पेसा अधिनियम, सतत् विकास लक्ष्य का पंचायत स्तर पर स्थानीयकरण एवं गौरवशाली जनजातीय इतिहास के बारे में चर्चा की जाएगी।

जनजातीय गौरव दिवस के मौके पर जिला स्तर, विकास खण्ड स्तर और छात्रावास-आश्रमों एवं प्रमुख स्थानों पर नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। आश्रम, छात्रावास, एकलव्य विद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच खेलकूद, निबंध, वाद-विवाद, प्रश्नोत्तरी, छात्रवृत्ति संबंधी जागरूकता, कैरियर काउंसलिंग, चित्रकारी भाषा एवं जागरूकता रैली का आयोजन भी होगा। जनजातीय गौरव दिवस के मौके पर 15 से 26 नवंबर तक की अवधि में सुविधानुसार पृथक-पृथक दिवसों में जिला स्तर पर सामाजिक, आर्थिक विकास, आजीविका एवं उद्यमिता, कला-संस्कृति और धरोहर, शिक्षा एवं कौशल विकास, स्वास्थ्य एवं जीवन शैली पर संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा स्वीकृत गतिविधियों में जन जागरूकता शिविर, विकास प्रदर्शनी लगाने के भी निर्देश दिए गए हैं।

## दुर्ग संभाग में 16 नवंबर से पुलिस भर्ती

**आईजी का सभी जिलों के एसपी को निर्देश जारी, फर्जीवाड़े पर रखे नजर**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** दुर्ग संभाग में 16 नवंबर से पुलिस आरक्षक भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ हो रही है, जिसके लिए प्रवेश-पत्र जारी करने की प्रक्रिया जारी है। इस बीच दुर्ग रेंज के आईजी राम गोपाल गर्ग ने संभाग के सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को पुलिस भर्ती प्रक्रिया के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। पूर्व में असामाजिक तत्वों द्वारा भर्ती के प्रतिभागियों को दिग्भ्रमित कर पुलिस भर्ती या अन्य भर्तियो में नियुक्ति दिलाये जाने के नाम से पैसों के लेने की शिकायतें प्राप्त होती रही हैं। इसे देखते हुए आईजी ने ऐसे लोगों पर नजर रखने व कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।




आईजी रामगोपाल गर्ग ने दुर्ग, बालोद और बेमेतरा एसपी को इस संबंध में दिशा निर्देश देते हुए पुलिस भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने कहा है। आईजी गर्ग ने कहा है कि यदि जिले में किसी असामाजिक तत्व या किसी पुलिसकर्मी के विरूद्ध इस तरह की कोई शिकायत प्राप्त होती है तो तत्काल कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित किया जाये तथा जिले में नागरिकों को जागरूक करने हेतु जागरूकता अभियान भी चलाया जाये, जिसमें आमजन को यह स्पष्ट किया जाये कि भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने वाले अभ्यार्थियों की नियुक्ति नियमों के अधीन उनकी योग्यता एवं दक्षता के अनुरूप ही होगी। आईजी ने कहा कि पुलिस अधीक्षक, दुर्ग एवं भर्ती समिति अध्यक्ष यह सुनिश्चित करें कि भर्ती प्रकिया में नियमों का पूर्ण पालन हो तथा भर्ती में पूर्ण निष्पक्षता एवं पारदर्शिता का पालन किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

इस संबंध में दुर्ग एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने लोगों ने अपील करते हुए कहा है कि किसी भी प्रकार का प्रलोभन देने वाले दलालों या असामाजिक तत्वों के बहकावे में न आये। यदि किसी व्यक्ति द्वारा भर्ती कराने के नाम पर पैसे की मांग की जाती है तो यह एक एक गंभीर अपराध है एवं इसकी सूचना तत्काल पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को सीधे दी जा सकती है। भर्ती कराने के नाम पर भ्रष्टाचार कर पैसे लेने वाला व्यक्ति जितना दोषी है, इस कृत्य में पैसे देने वाला व्यक्ति भी दोषी होता है एवं उन पर अपराधिक कार्यवाही का प्रावधान है। इसलिए भर्ती के नाम पर किसी भी प्रकार के झांसे में न आये।

## महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव: भाजपा का संकल्प पत्र जारी

# किसानों की कर्जमाफी व 25 लाख नौकरियों का वादा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने रविवार को अपना संकल्प पत्र जारी किया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुंबई में 'संकल्प पत्र' जारी करते हुए कहा कि 'हम जो संकल्प पत्र लेकर आए हैं, उसमें 25 प्रमुख मुद्दे हैं। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 20 नवंबर को होने हैं और सभी 288 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए मतगणना 23 नवंबर को होगी।

संकल्प पत्र जारी करते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि लाडली बहन योजना और वृद्धावस्था पेंशन में हम बढ़ोतरी कर रहे हैं। किसानों के ऋण माफऔर किसान सम्मान निधि को 12 हजार रुपये से बढ़ाकर 15 हजार रुपये करेंगे। 10 लाख प्रतिभावान छात्रों को मासिक 10 हजार रुपये का मानदेय देंगे। 45 हजार गांवों में रास्ते बनाए जाएंगे। आशा वर्कर और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का बीमा किया जाएगा और उनका मासिक वेतन 15 हजार रुपये तक बढ़ाया जाएगा। इस दौरान उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस, राज्य भाजपा प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले, मुंबई भाजपा प्रमुख आशीष शेलार, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और पार्टी के अन्य नेता मौजूद रहे।




अमित शाह ने कहा कि यहां जिस संकल्प पत्र का विमोचन हुआ है, वह महाराष्ट्र की जनता की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। महाराष्ट्र एक प्रकार से कई युगों से हर क्षेत्र में देश का नेतृत्व कर रहा है। एक जमाने में जब जरूरत थी, तब भक्ति आंदोलन की शुरुआत भी महाराष्ट्र से हुई, गुलामी से मुक्ति का आंदोलन भी शिवाजी महाराज ने यहीं से शुरू हुआ, समाजिक क्रांति की शुरुआत भी यहीं से हुई है और महाराष्ट्र की जनता की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब हमारे संकल्प पत्र में दिखाई पड़ता है।

उन्होंने आगे कहा कि हमने इस संकल्प पत्र के माध्यम से महापुरुषों की परंपराओं और सांस्कृतिक विरासतों को आगे बढ़ाने का संकल्प भी रखा है। अराजकता फैलाकर विकास के नाम पर विफल राज्य देने वालों की विफलताओं से बोध लेकर मजबूत, समृद्ध और सुरक्षित महाराष्ट्र के लिए योजनाएं भी हमारे इस संकल्प पत्र में हैं। अघाड़ी की सारी योजनाएं सत्ता की लालच में तुष्टिकरण की हैं, विचारधाराओं का अपमान करने वाली हैं और महाराष्ट्र की संस्कृति से छल करने वाली हैं। उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने कहा कि महाराष्ट्र के लिए भाजपा का चुनाव संकल्प पत्र विकसित भारत के लिए विकसित महाराष्ट्र बनाने की रूपरेखा है।

## रायपुर जा रही यात्री बस खड़े ट्रक से टकराई, सात यात्री घायल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में रविवार की सुबह बड़ा हादसा हो गया। यहां से रायपुर के लिए निकली यात्री बस सुबह 5 बजे सड़क किनारे खड़ी ट्रक से जा टकराई। इस हादसे में बस में सवार सात यात्री घायल हुए हैं, जबकि कुछ को मामूली चोट भी आई है। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंच घायलों को उपचार के लिए पास के अस्पताल भिजवाया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की रात को बीजापुर से यात्रियों को लेकर रायपुर के लिए निकली बस रविवार कि सुबह पांच बजे सिंगनपुर गुलबापारा के पास सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से जा टकराई। बताया जा रहा है कि हादसे का कारण ओस है जिससे खड़ी ट्रक चालक को ठीक से दिखा नहीं। जब हादसा हुआ तो अधिकतर यात्री सो रहे थे और एक झटके में अफरा-तफरी मच गई। गनीमत यह रही कि किसी भी यात्री की जान नहीं गई। घटना की जानकारी लगते ही केशकाल पुलिस मौके पर पहुंच कर घायलों को अस्पताल ले जाया गया। सात घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया वहीं कुछ लोगों को मामूली चोटें गई जिन्हें प्रारंभिक इलाज के बाद भेज दिया गया।



## छत्तीसगढ़ के मौसम में हुआ बदलाव हल्की ठंड का हुआ अहसास

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश के सभी जिलों में अब हल्का कोहरा छा रहा है। इसके साथ ही हल्की ठंड का अहसास हुआ है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार शहर के कई हिस्सों में बीते दो दिन से सुबह हल्के कोहरे के साथ ठंड का अहसास होने लगा है। वहीं मौसम विभाग के मुताबिक आगामी कुछ दिनों तक तापमान में कोई खास बदलाव नहीं होने की संभावना है।

इसके साथ ही रायपुर के आसपास के क्षेत्रों का अधिकतम तापमान लगभग 29 से 32 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया है। और बलरामपुर में सबसे कम न्यूनतम तापमान 15.8 डिग्री सेल्सियस के साथ दर्ज किया गया है। बिलासपुर का अधिकतम तापमान 31.6°C है। वहीं इसका न्यूनतम तापमान 20.5°C है। ऐसे ही रायपुर का अधिकतम तापमान 32.6 और न्यूनतम 20.2 हैं। अम्बिकापुर का 29.4 से 16.4 तक पेंड्रारोड का 29.6 से 16.8 तक दुर्ग का 32.6 से 18.4 तक साथ ही जगदलपुर का 31.7 से 19.8 तक और राजनांदगांव अधिकतम तापमान लगभग 31.8 से 17.6 तक दर्ज की गई है।

## बार-बार दिल जीत लेता है यह आदमी

श्रीकंचनपथ




कुछ लोग ऐसे होते हैं जो हर बात ठोंक कर कहते हैं। उनका अंदाजे बयां कुछ ऐसा होता है कि दिल से वाह! निकलती है। जब वो सार्वजनिक जीवन में होते हैं तो अपनी जात-पांत को ताक पर रखकर आते हैं। जब वो सरकार चलाने की बात करते हैं तो पार्टी लाइन से ऊपर उठ जाते हैं। भारतीय लोकतंत्र में ऐसे लोगों को ही शीर्षस्थ पदों पर होना चाहिए। जी हां, हम बात कर रहे हैं केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की। गडकरी एक बेहतरीन टास्क मास्टर हैं। वो काम नहीं होने पर सिस्टम का रोना नहीं रोते। काम कैसे होगा, इसपर शोध करते हैं और नए रास्ते निकालते हैं। उनके पास सरकारी सिस्टम से काम लेने का अपना सिस्टम है। वे काम को पूरी गुणवत्ता के साथ समय सीमा के भीतर पूरी करवाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा देते हैं। यही कारण है कि पढ़ी लिखी जमात के बीच उनके कद्रदानों की कोई कमी नहीं है। आज जब भी किसी नई शानदार सड़क की बात होती है तो इसका पूरा क्रेडिट गडकरी को दे दिया जाता है। गडकरी कहते रहे हैं कि कोई व्यक्ति धर्मनिरपेक्ष हो या ना हो, लेकिन राज्य, सरकार और प्रशासन को धर्मनिरपेक्ष होना चाहिए। गोवा के एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा था-'मैं जात-पात को नहीं मानता। जो करेगा जात की बात, उसको कसकर मारूंगा लात।' वो मौजूदा सरकार की आलोचना करने से भी नहीं घबराते। तभी तो वे एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी में बेबाकी से कह पाते हैं - 'राजा को ऐसा होना चाहिए कि कोई उसके खिलाफबात करे, तो उसे बर्दाश्त करे। आलोचनाओं पर आत्मचिंतन करे। यही लोकतंत्र की सबसे बड़ी परीक्षा होती है।' भाजपा के बढ़ते कुनबे पर भी उनका नजरिया अलग है। दागी और भ्रष्ट नेताओं की तुलना रोगग्रस्त फसलों से करते हुए गडकरी कहते हैं कि जैसे-जैसे फसल बढ़ती है, बीमारियां भी बढ़ती हैं। इनपर कीटनाशकों का छिड़काव होना चाहिए। पार्टी में दूसरी पार्टियों और विचारधारा के लोग आ रहे हैं जिन्हें प्रशिक्षित करना पार्टी के वरिष्ठ जनों की जिम्मेदारी है। परोक्ष रूप से उन्होंने पार्टी के बढ़ते आकार की तुलना 'भानुमती के कुनबे' से की है। अलग-अलग राजनीतिक विचारधारा से भाजपा में आए लोग कई बार कुछ ज्यादा ही आक्रामक हो जाते हैं। यह कुछ-कुछ नए मुल्ले के ज्यादा प्याज खाने जैसा है। कई बार तो उनकी बातें खुद राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ को भी हजम नहीं होती। गडकरी इसपर अंकुश चाहते हैं। ऐसा इसलिए भी है कि खुद उनके निर्वाचन क्षेत्र में 40 फीसदी से ज्यादा मुसलमान हैं और उन्हें उनका भी समर्थन प्राप्त है। दरअसल, कोई भी देश या राष्ट्र सहकार से चलता है। आबादी का यदि एक प्रतिशत हिस्सा भी नाखुश है, परेशान है तो वह मुसीबत का कारण बन सकता है। क्षणिक राजनीतिक लाभ के लिए ऐसे सस्ते हथकंडों को किसी कीमत पर नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए।




## संपादकीय

# पुलिस की सहृदयता को नमन

हमने यह सुन रखा है कि जन्म देने से जान बचाने वाला ज्यादा महान और बड़ा होता है। यह कहावत सीधे- सीधे मानवता से संबंध रखने वाली प्रतीत होती है। दूसरी बड़ी बात यह कि इसी मानवता से जुड़ी इंसानियत यदि जिंदा है तो दुनिया में हर असंभव काम भी संभव बनाया जा सकता है। देश भर में बढ़ती जनसंख्या के बाद सबसे बड़ी समस्या यातायात व्यवस्था के रूप में सामने आ रही है। यह समस्या उस वक्त और भी ज्यादा विकट हो जाती है जब किसी गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति को यथाशीघ्र हॉस्पिटल पहुंचाने की जरूरत से संबंधित हो, और बाइक के चक्के यातायात की भीड़ भरे मार्ग में टस से मस होने की स्थिति में न हों! ऐसे में हमें समाज के उस सेवीवर्ग की याद आती है, जिसे समाज में सबसे ज्यादा आलोचना का सामना करना पड़ता है। जी! हां! मैं बात करना चाह रहा हूं ख़ाखी वर्दी में हर अपराध पर नियंत्रण के लिए तैनात की गई पुलिस की।

> वैसे पुलिस का प्रदर्शन और उसकी कार्यप्रणाली प्रायः किसी भी वर्ग द्वारा बहुत ज्यादा पसंद नहीं की जाती है, यह कटु सत्य है। जब बात आपातकालीन यातायात व्यवस्था पर की जाती है तो हमें इसी सेवा से जुड़े मानव समाज के अति विशिष्ट वर्ग की याद आती है। ऐसा ही नजारा हमने अपने शहर में दीवाली से ठीक एक दिन पूर्व और दीवाली अर्थात लक्ष्मीणपूजा के दिन भीड़-भाड़ से परिपूर्ण बाजार में पुलिस की सहृदयता के रूप में देखा और एक-एक क्षण की कीमत को पुलिस की सुंदर व्यवस्था के बीच पहचाना।

राजनांदगांव संस्कारधानी को सार्थक करते हुए दो परिवारों के सदस्यों को गंभीर स्थिति में अस्पताल पहुंचाने और घर तक लाने में जिला पुलिस की भूमिका वास्तव में नमन के योग्य है। मैं यह बताना जरूरी नहीं समझता कि आखिर पुलिस ने किन परिवारों के लिए अविस्मरणीय योगदान किया है। कारण यह कि लगभग हर स्थिति में मानवीय समाज द्वारा आड़े हाथों ली जाने वाली पुलिस का मानवतावादी स्वरूप जरूरतमंदों की हैसियत या उनकी सामाजिक स्थिति के चलते सामने नहीं आता है, बल्कि समय की नजाकत को समझते हुए अपनी कर्तव्य निष्ठता ही पुलिस द्वारा निभाई जाती है। नगर के अत्यंत ही सामान्य परिवारों से नाता रखने वाले दो जरूरतमंदों को पुलिस की ऐसी ही मदद उन क्षणों में प्राप्त हुई जब सभी ओर से संभावनाएं क्षीण दिखाई पड़ रही थीं। जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग जी ने अपने सहयोगी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा जी एवं अन्य विभागीय अधिकारियों की मदद से 30 अक्टूबर नरक चतुर्दशी के दिन हृदयाघात से पीड़ित एक युवक को सहायता ही नहीं पहुंचाई वरन उसका जीवन बचाने का प्रयास करते हुए नगर के भीड़ भरे बाजार से लेकर राजधानी रायपुर तक के 70 से 80 किलोमीटर दूरी को ग्रीन कॉरिडोर में तब्दील कर महज 65 मिनट में रायपुर के हॉस्पिटल में भर्ती कराकर उसके प्राणों की रक्षा में अपनी भूमिका का निर्वहन किया! यह मानवीय कार्य उन दिनों पूरा किया गया जब नगर के हर छोटे-बड़े बाजार में यातायात नियंत्रण हेतु पुलिस की जरूरत थी। कोई सराहे, न सराहे, मै तो पुलिस कप्तान सहित उनके हर जवान को पूरे अदब के साथ सेल्यूट करना चाहता हूं ।

30 अक्टूबर को दिन में बाजार को चीरते हुए एक मरीज की जान बचाने का सकारात्मक प्रयास अभी नगर के लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ ही था कि अगले दिन अर्थात 31 अक्टूबर लक्ष्मी पूजा के दिन फिर पुलिस की परीक्षा की चुनौती बड़े रूप में सामने आ खड़ी हुई। नगर के वरिष्ठ नागरिक के स्पाइनल का मेजर ऑपरेशन मुंबई के कोकिला बेन हॉस्पिटल में अत्यंत ही चुनौतीपूर्ण स्थिति में सफलता के साथ पूरा किया गया! अब समय था जब उन्हें बिना किसी हिचकोले अथवा किसी भी प्रकार के कष्ट या अवरोध के बिना घर तक पहुंचाना था। रायपुर विमानतल से राजनांदगांव प्रवेश द्वार तक तो परिवार जैसे-तैसे पहुंच चुका था। अब चुनौती थी कि शहर के सबसे व्यस्त जय स्तंभ चौक स्थित उनके घर तक उन्हें सुविधा पूर्ण ढंग से कैसे पहुंचाया जाए? इस बात की जानकारी जब पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग जी को हुई तब उन्होंने इसे भी अपने कर्तव्य का महत्वपूर्ण हिस्सा मानते हुए अपनी सेना के सहयोग से असंभव लगने वाले कार्य को संभव कर दिखाया! नगर के पुराना बस स्टैंड चौक से नगर के भीतर प्रवेश करते ही मानों पीड़ित के लिए त्यौहार के बाजार से अस्त-व्यस्त मार्ग सुगम होता चला गया! पीड़ित जिस वाहन में था उसके आगे और पीछे पुलिस पेट्रोलिंग वाहन के अलावा अगल-बगल में पुलिस जवानों की तैनाती ने यह सिद्ध कर दिखाया कि जन्म देने से जान बचाने वाला बड़ा होता है! जब पीड़ित के घर के बाहर वाहन रुका तो ऐसा नजारा सामने आया जैसे महाभारत और रामायण सीरियल में एक बाण द्वारा सुरक्षा चक्र तैयार कर दिया गया हो ! पीड़ित को उतारकर घर की ऊपरी मंजिल तक पहुंचाने से पहले चारों ओर पुलिस जवानों के घेरे ने सिद्ध कर दिखाया कि जरूरत पर पुलिस अपना सर्वस्व लगाने तैयार बैठी है।

हरित गलियारा अर्थात ग्रीन कॉरिडोर के किस्से कम नहीं हैं। राष्ट्रीय स्तर पर यदि ग्रीन कॉरिडोर के शुरुआती दिनों से चर्चा प्रारंभ की जाए तो अभी तक के योगदानों पर ग्रन्थ रचा जा सकता है। हृदय प्रत्यारोपण से लेकर किसी नवजात की जान बचाने का चेन्नई से लेकर मुंबई , दिल्ली और अन्य बड़े शहरों में तैयार किए गए हरित गलियारों की भूमिका का साक्षी इतिहास के पन्नों में दर्ज है ! मैं अपने ही शहर के एक अन्य ग्रीन कॉरिडोर की यादों में खो गया हूं । मुझे सन याद नहीं किंतु इतना जरूर स्मृति में है कि राजनांदगांव के पूर्व महापौर और युवाओं के दिलों पर राज करने वाले दशहरा उत्सव समितियों द्वारा विराट आयोजनों की नींव रखने वाले विजय पांडे जी की तबियत खराब होने पर उन्हें माना विमानतल तक पहुंचाने के लिए भी इसी तरह का गलियारा बनाया गया था । पांडे परिवार के साथ ही शहर के लोगों की किस्मत ने साथ नहीं दिया और मुंबई पहुंचने के बाद भी विजय पांडे जी का जीवन नहीं बचाया जा सका । ईश्वर के विधान के आगे हम सभी नत मस्तक हैं , किंतु पुलिस ने अपना कर्तव्य निभाने में कोई कसर नहीं छोड़ी । पुनः ग्रीन कॉरिडोर के माध्यम से दीवाली की खुशियों को चार - चांद लगाने वाले पुलिस विभाग को सादर नमन करना चाहता हूं ।

नजरिया

# राष्ट्र के सुरक्षित डिजिटल भविष्य की दिशा में कदम

*तकनीकी प्रगति के साथ पैदा होने वाले खतरों से नागरिकों को बचाने के लिए एक सुदृढ़ साइबर व्यवस्था से लैस भारत का निर्माण करना होगा।*

ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया



भारत में, दूरसंचार की उपयोगिता लोगों को जोड़ने से कहीं बढ़कर है। यह एक ऐसा महत्वपूर्ण उपकरण भी है, जो विकास के हाशिए पर रहने वाले लोगों के उत्थान का काम करता है। पिछले एक दशक में, देश में डिजिटल कनेक्टिविटी के क्षेत्र में भारी विकास हुआ है। दुनिया में सबसे सस्ते डेटा दरों के साथ, भारत में अब 954.40 मिलियन से अधिक इंटरनेट ग्राहक हैं। इनमें से 398.35 मिलियन इंटरनेट ग्राहक ग्रामीण क्षेत्रों में हैं। पिछले एक दशक में, ब्रॉडबैंड कनेक्शन 64 मिलियन से बढ़कर 924 मिलियन हो गए हैं। इस व्यापक कनेक्टिविटी ने एक डिजिटल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा दिया है, जो आज हमारे कुल आर्थिक परिदृश्य में 10 प्रतिशत का योगदान देता है। वर्ष 2026 तक इस योगदान के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के पांचवें हिस्से या 20 प्रतिशत तक पहुंच जाने का अनुमान है। बैंकिंग सेवाएं, केवाईसी सत्यापन, डिजिटल भुगतान और मोबाइल-आधारित प्रमाणीकरण भारत की डिजिटल क्रांति की रीढ़ रहे हैं, जिससे जन धन, आधार, मोबाइल (जेएएम) की तिहरी सेवाओं को फलने-फूलने में मदद मिली है। अकेले अक्टूबर 2024 में, देश में आधार समर्थ भुगतान प्रणाली के माध्यम से 126 मिलियन डिजिटल लेनदेन दर्ज किए गए।

हालांकि, यह डिजिटल क्रांति विकट चुनौतियां भी प्रस्तुत कर रही है। विशेष रूप से, तकनीकी प्रगति के साथ पैदा होने वाले खतरों से हमारे नागरिकों की सुरक्षा की चुनौती। हमारे हाथ में रखे जाने वाले सुविधा के ये उपकरण स्पैम कॉल, घोटाले वाले संदेश, टेलीमार्केटिंग के अनुचित कॉल, फ़िशिंग घोटाले, नकली निवेश एवं ऋण के अवसरों जैसे साइबर अपराधों के जाल से भी घिरे हैं।

एक विशेष चुनौती सामने आई है- डिजिटल अरेस्ट के घोटाले आज चिंताजनक दर से बढ़ रहे हैं। इसकी कार्यप्रणाली के तहत-अपराधी सरकारी अधिकारियों के रूप में निर्दोष व्यक्तियों को डराने और जबरन वसूली का कार्य करते हैं। महज वित्तीय नुकसान से परे, ये दुर्भावनापूर्ण कार्यप्रणालियां आजीविका को बाधित करती हैं, विश्वास को खत्म करती हैं और उस आत्मविश्वास को कमजोर करती हैं जो नागरिकों में डिजिटल अर्थव्यवस्था में पूरी तरह से शामिल होने के लिए आवश्यक है।

हालांकि, इन उभरते खतरों के विरुद्ध त्वरित प्रतिक्रिया करते हुए हमारे अधिकारियों ने पूरी तत्परता दिखाई है। उन्होंने फर्जी तरीकों से हासिल किए गए मोबाइल कनेक्शनों को काट दिया है और 7.6 लाख शिकायतों के माध्यम से 2,400 करोड़ रूपये से अधिक की राशि की हानि को बचाया। यह महज आंकड़ों को ही नहीं, बल्कि जीवन की रक्षा और सपनों की सुरक्षा को भी दर्शाता है।

अब जबकि हम डिजिटल स्पेस की रक्षा के लिए अपनी सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत कर रहे हैं, हमारे नागरिकों के सहयोग के बिना यह एक निरर्थक कवायद साबित होगी। प्रधानमंत्री (पीएम) नरेन्द्र मोदी का हाल ही में नागरिकों से रुको, सोचो और एक्शन लो का आह्वान इंटरनेट की छाया में बढ़ते खतरों को रेखांकित करते हुए तात्कालिकता और दूरदर्शिता को दर्शाता है। यह आह्वान केवल बढ़ते साइबर अपराधों के विरुद्ध प्रतिक्रिया भर नहीं है, बल्कि एक सतर्क और सक्रिय समाज के निर्माण की दिशा में एक अपील भी है। अपने हालिया 'मन की बात' संबोधन के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी ने समर्पित हेल्पलाइन 1930 और cybercrime.gov.in पोर्टल के माध्यम से संदिग्ध गतिविधियों की रिपोर्ट करने की अनिवार्यता दोहराई। साइबर अपराधियों के विरुद्ध लड़ाई में नागरिकों की भागीदारी पर जोर बेहद अहम है।

फिर भी, साइबर अपराधियों ने चालाकी बरतते हुए नई रणनीति विकसित कर ली है और अंतरराष्ट्रीय कॉलों को प्रच्छन्न तरीके से स्थानीय नंबरों (+91-××××××××××) के रूप में दुरुपयोग कर रहे हैं। कॉलिंग लाइन आइडेंटिटी (सीएलआई) में किया जाने वाला चतुराई भरा यह हेरफेर इन कॉलों को वैध स्थानीय नंबर कॉल के रूप में छिपाना संभव बना देता है, जिससे धोखे का परिदृश्य और भी जटिल हो जाता है।

दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने सक्रिय रूप से हस्तक्षेप करते हुए स्वदेशी रूप से विकसित अंतरराष्ट्रीय इनकमिंग स्पूफ्ड कॉल्स प्रिवेंशन सिस्टम लॉन्च किया है। यह उपकरण एक बड़ा बचाव साबित हो रहा है, जो 86 प्रतिशत नकली कॉलों- लगभग 1.35 करोड़ कॉल प्रतिदिन - को रोक रहा है।

साइबर-सुरक्षित भारत के हमारे दृष्टिकोण के केन्द्र में नागरिकों का डिजिटल सशक्तिकरण है। 'संचार साथी' प्लेटफॉर्म इस मिशन का प्रतीक है, जिसमें चक्षु जैसे टूल हैं जो उपयोगकर्ताओं को संदिग्ध संदेशों, कॉल और व्हाट्सएप गतिविधियों की रिपोर्ट करने में समर्थ बनाते हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की शक्ति का लाभ उठाते हुए, डीओटी ने 2.5 करोड़ से अधिक धोखाधड़ी वाले मोबाइल कनेक्शनों का पता लगाया और उन्हें काट दिया, 2.29 लाख से अधिक मोबाइल हैंडसेटों को ब्लॉक कर दिया, 71,000 विक्रेताओं को ब्लैकलिस्ट कर दिया और दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपीएस) के माध्यम से 1,900 अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की।

युवा, तकनीक-प्रेमी आबादी के लाभ के साथ, हमने विद्यार्थियों को भी जमीनी स्तर की पहल में शामिल किया है। देश भर में कॉलेज के विद्यार्थियों ने संचार मित्र स्वयंसेवकों के रूप में कदम बढ़ाया है। ये स्वयंसेवक समुदायों तक पहुंच रहे हैं और 'संचार साथी' पोर्टल के माध्यम से डिजिटल सुरक्षा के बारे में जागरूकता फैला रहे हैं। ये युवा हिमायती नागरिकों को दूरसंचार धोखाधड़ी को रोकने के लिए उपलब्ध उपकरणों का उपयोग करने में मदद करते हैं। मई 2023 में अपनी स्थापना के बाद से, संचार साथी पोर्टल ने 7.7 करोड़ विजिट और प्रतिदिन औसतन दो लाख उपयोगकर्ताओं के साथ जबरदस्त लोकप्रियता हासिल की है। इस पोर्टल ने 12.59 लाख चोरी और खोए हुए मोबाइल फोन का पता लगाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस धारणा को मजबूत करते हुए कि साइबर रक्षा और सुरक्षा एक सामूहिक जिम्मेदारी है, यह पोर्टल अपने डिजिटल अनुभवों की सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध नागरिकों के लिए एक आवश्यक संसाधन बन गया है।

स्पैम कॉल, अनचाहे एसएमएस और टेलीमार्केटिंग के खतरे से निपटने के एक निर्णायक प्रयास के तहत, भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने नागरिकों की सुरक्षा के लिए जवाबी उपायों की एक मजबूत श्रृंखला भी लागू की है। नियमों के उल्लंघन पर कठोर दंड लगाया जाएगा, जो डिजिटल विश्वास के उल्लंघन के प्रति शून्य-सहिष्णुता (जीरो- टोलेरेंस) की नीति का परिचायक है। अब तक, ट्राई ने असत्यापित प्रचारात्मक कॉल में संलग्न 800 से अधिक संस्थाओं और व्यक्तियों को ब्लैकलिस्ट कर दिया है, जबकि 1.8 मिलियन से अधिक नंबर काट दिए गए हैं। ऐसी सख्त कार्रवाई एसएमएस संबंधी धोखाधड़ी के मामले में भी की गई है, जिसके तहत 350,000 अप्रयुक्त और असत्यापित मैसेजिंग हेडर और 1.2 मिलियन कंटेंट टेम्पलेट को ब्लॉक कर दिया गया है।

हमारी साइबर रक्षा रणनीति के केन्द्र में डिजिटल इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म (डीआईपी) है, जो 460 बैंकों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों सहित 520 से अधिक हितधारकों को एकजुट करता है। यह सहयोग वास्तविक समय में सूचना साझा करने और साइबर खतरों के विरुद्ध समन्वित कार्रवाई को संभव बनाता है।

तेजी से विकसित हो रहे इस डिजिटल युग में, साइबर सुरक्षा को प्राथमिकता देना महज एक सावधानी भर नहीं है। बल्कि यह हमारे देश के डिजिटल भविष्य की सुरक्षा की दृष्टि से एक आवश्यक कदम है। एक मजबूत डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे, तकनीक-प्रेमी युवा आबादी और मजबूत संस्थागत ढांचे के साथ, भारत ने खुद को डिजिटल इकोसिस्टम में एक अग्रणी देश के रूप में स्थापित किया है। जैसे-जैसे हम इस जटिल परिदृश्य में आगे बढ़ रहे हैं, निरंतर सुधार और अनुकूलनशीलता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता दृढ़ बनी रहेगी। प्रधानमंत्री के आह्वान के अनुरूप कार्य करते हुए, हम एक सुदृढ़ साइबर व्यवस्था से लैस भारत का निर्माण करेंगे - जहां प्रत्येक नागरिक सुरक्षित, सशक्त और इस डिजिटल युग में फलने-फूलने के लिए तैयार हो।

**( लेखक केन्द्रीय संचार तथा उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री हैं।)**

# भारत में विकास का अध्याय आगे बढ़ता जाएगा

डॉ. जयंतीलाल भंडारी



हाल में लाओस के वियनतियाने में आयोजित आसियान-भारत शिखर सम्मेलन में आसियान देशों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ बैठक के बाद जो बयान जारी किया है, उसके मुताबिक ये देश इस समूचे क्षेत्र में चीन की बढ़ती आक्रामकता से असहज और परेशान हैं तथा भारत के साथ आर्थिक, कारोबारी और सुरक्षा संबंधों का नया दौर आगे बढ़ाएंगे। इसी तरह हाल में वर्ल्ड बैंक द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट अक्टूबर, 2024 में कहा गया है कि वैंकि चुनौतियों के बीच चीन के प्रोत्साहन उपायों के बावजूद चीन की अर्थव्यवस्था सुस्त होगी और भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

वर्ष 2024 में चीन की विकास दर घट कर 4.0 फीसद होगी जबकि भारत की विकास दर 6.3 फीसद से अधिक रहेगी। वस्तुत- भारत के पास उपभोक्ताओं का उभरता हुआ विशाल बाजार, युवाओं में जबरदस्त ढंग से आगे बढने की ललक, उद्यमिता की भावना और सुधार का रवैया वैंकि संघर्ष और चुनौतियों के बावजूद भारत के लिए नये अवसरों का आधार है। गौरतलब है कि विगत 4 अक्टूबर को प्रधानमंत्री मोदी ने तीसरे कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि रूस-यूक्रेन और इस्त्रइल-ईरान युद्ध की अनिश्चितता के बीच भी दुनिया का भारत पर असाधारण आर्थिक विश्वास बना हुआ है। मोदी ने कहा कि दुनिया की नजरों में यह युग भारत का युग है। भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।

दुनिया में भारत ग्लोबल फिनटेक एडॉप्शन के मामले में पहले क्रम पर है। इंटरनेट उपभोक्ताओं के मामले में दूसरे क्रम पर है। स्टार्टअप के मामले में तीसरे क्रम पर है, और नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के मामले में चौथे क्रम पर है। इतना ही नहीं, विश्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और मूडी'ज जैसी वैंकि एजेंसियां भी वैंकि आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच भारत को दुनिया की सबसे विसनीय और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के साथ-साथ निवेश के पसंदीदा देश के रूप में देख रही हैं। यद्यपि इस समय पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष और रूस-यूक्रेन युद्ध के विस्तारित होने के कारण वैंकि अर्थव्यवस्था में गिरावट का दौर बढ़ रहा है, लेकिन फिर भी भारतीय अर्थव्यवस्था में वैंकि विश्वास और तेज विकास के मद्देनजर देसी उद्यमियों के साथ वैंकि उद्यमियों के लिए भी बढ़ते अवसरों का परिदृश्य उभर कर दिखाई दे रहा है।

इस परिप्रेक्ष्य में उल्लेखनीय है कि हाल में दुनिया की ख्याति प्राप्त वित्तीय सेवा फर्म मॉर्गन स्टेनली ने कहा है कि सितम्बर, 2024 के दौरान भारत ने चीन को पीछे छोड़ते हुए खुद को निवेश की पसंदीदा जगह बना लिया है। इसी परिप्रेक्ष्य में एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने अपनी नई रिपोर्ट-2024 में कहा है कि भारत आर्थिक विकास, विदेशी निवेश और नई तकनीकों के उपयोग की ऊंची संभावनाओं वाला देश है। अमेरिका चेंबर ऑफ कॉमर्स की रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2024 में अमेरिका की कंपनियों की वैंकि निवेश पसंदगी में भारत का दूसरा स्थान है। इस समय चीन अमेरिकी निवेशकों की प्राथमिकता खोता जा रहा है। इतना ही नहीं, अमेरिका और चीन में बढ़ते तनाव के माहौल में इस समय चीन में कार्यरत 12 लाख करोड़ रु पये निवेश वाली 50 अमेरिकी कंपनियां अपना कारोबार चीन से समेटने की तैयारी में हैं। इन कंपनियों में से 15 कंपनियां भारत में निवेश की तैयारी कर रही हैं।

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि विगत 23 सितम्बर को प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका यात्रा के दौरान न्यूयॉर्क में एआई, क्वांटम कंप्यूटिंग और सेमीकंडक्टर जैसी अत्याधुनिक तकनीकों पर काम करने वाली 15 प्रमुख अमेरिकी कंपनियों के सीईओ को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के बहुआयामी क्षेत्रों में दुनिया के लिए अपार आर्थिक मौके हैं। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि अब भारत को आर्थिक दुनिया के उभरते सितारे के रूप में देखा जा रहा है, जो भारत की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय साख को दर्शाता है। वैंकि राजनीतिक और आर्थिक मंचों पर भारत को विशेष अहमियत भारत की आर्थिक स्थिति से भी मिल रही है। अमेरिका और रूस, दोनों महाशक्तियों के साथ भारत की मित्रता के नये अध्याय दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा एवं भारतीय बाजार में मौके बढ़ा रहे हैं।

निस्संदेह भारत में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर, कृषि विकास और बढ़ती ग्रामीण अर्थव्यवस्था देश-दुनिया के कारोबारियों और निवेशकों के लिए मौकों का नया द्वार खोल रहे हैं। देश में खाद्यान्न उत्पादन ऊंचाई बना रहा है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान के मुताबिक अब देश की खाद्य सुरक्षा के साथ-साथ वैंकि खाद्य सुरक्षा में अहम भूमिका निभाने के लिए भारत रणनीतिक रूप से आगे बढ़ रहा है। अब भारत दुनिया के खाद्य कटोरे के रूप में रेखांकित हो रहा है। भारत दुनिया के 150 से अधिक देशों को खाद्य पदाथरे के निर्यातक देश के रूप में दुनिया में रेखांकित हो रहा है। भारत दुनिया का आठवां बड़ा कृषि निर्यातक देश बन गया है।

उल्लेखनीय है कि भारतीय शेयर बाजार ऊंचाई पर है, और दुनिया के लिए भारतीय शेयर बाजार में मौके बढ़ रहे हैं। वर्ष 2024 की शुरुआत से भारत में आईपीओ का बाजार गुलजार है। भारत में म्युचुअल फंड (एमएफ) में निवेश छलांगें लगा कर बढ़ रहे हैं। अगस्त, 2024 तक डीमैट खातों की संख्या 17.10 करोड़ के पार हो गई है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि विदेश व्यापार में भारत की नई संभावनाएं दुनिया के लिए नये मौके के रूप में हैं। %चीन प्लस वन' रणनीति के तहत भारत दुनिया के सक्षम और भरोसेमंद देश के रूप में वैंकि आपूर्ति श्रृंखला में नई भूमिका निभा रहा है।

हम उम्मीद करें कि इस समय पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष और रूस-यूक्रेन युद्ध के विस्तारित होने के कारण वैंकि अर्थव्यवस्था में गिरावट के दौर के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था अपनी बहुआयामी विशेषताओं के कारण मजबूती के साथ आगे बढ़ेगी। साथ ही, आर्थिक विकास के रणनीतिक प्रयासों से भारत में विकास का अध्याय आगे बढ़ता जाएगा। साथ ही, रोजगार के मौके भी बढ़ेंगे। इससे देश 2027 में तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था और 2047 में विकसित भारत बनने की डगर पर आगे बढ़ेगा।

**( ये लेखक के विचार हैं।)**



























# श्रीकंचनपथ

भिलाई–दुर्ग



ITR फाईल बनवाएं मात्र 499/-

• TDS रिफंड • GST रजिस्ट्रेशन • इनकम TAX फाइल
• प्रोजेक्ट रिपोर्ट • MSME रजिस्ट्रेशन • GST रिटर्न फाइल
• CMA DATE • फूड लाइसेंस • BALANCE SHEET

हमारे TAX EXPERT आपकी मदद हेतु तैयार हैं

संपर्क : शेखर गुप्ता, मो. 93007-55544, 8878655544
D-6 सेक्टर-2, गुरुद्वारा के सामने देवेन्द्र नगर रायपुर




## खास खबर

### सड़क किनारे आवारा पशुओं के बैठने उचित व्यवस्था के लिए सीईओ ने जारी किए निर्देश

**दुर्ग।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार जिला पंचायत सीईओ बजरंग कुमार दुबे ने जिला पंचायत सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर संबंधित विभागों को निर्देश जारी किये। बैठक में सड़क किनारे आवारा पशुओं के बैठने, गौशाला एवं शासकीय भूमि के समतलीकरण हेतु 16 ग्राम पंचायत का चयन किया गया है। दुर्ग ब्लाक में ग्राम पंचायत ननकट्ठी, जेवरा चंदखुरी, कोल्हापुरी, खपरी (सी), धमधा ब्लाक में मुरमुंदा, मुर्रा, नंदनी-खुंदनी, पथरिया, कोड़िया, लिटिया, बरहापुर और पाटन ब्लाक में महुदा, किकिर मेटा, मर्रा, केसरा के ग्राम पंचायतों में आवांरा पशुओं को रखने की समुचित व्यवस्था की जाएगी। बैठक में सीईओ ने कहा कि मुख्य मार्गों पर बैठने वाले पशुओं को हटाने के लिए जनपद स्तर पर जॉइंट टास्क फोर्स का गठन किया गया जाए जिसमें पशु चिकित्सा विभाग, राजस्व विभाग एवं पंचायत विभाग के कर्मचारी संयुक्त रूप से सम्मिलित होंगे। जनपद की टीम में करारोपण अधिकारी विकास विस्तार अधिकारी के नेतृत्व में सचिव, रोजगार सहायक, मेट को आदेशित किया गया है कि वे पशु चिकित्सा विभाग के साथ समन्वय करते हुए कार्य करें। मुख्य मार्ग के निकट पशुओं के आश्रय स्थल बनाए जाने तथा रख-रखाव की निगरानी की व्यवस्था, कांजी हाउस, गौशालाओं की क्षमता वृद्धि करने और अतिरिक्त गौशालाओं को आवश्यकता के आधार पर आकलन के अनुसार गौशाला में व्यवस्था किए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

### बीएसपी वरिष्ठ क्रिकेट टीम के चयन हेतु चयन स्पर्धा आयोजित

**भिलाई।** बोकारो इस्पात संयंत्र द्वारा 26 से 30 नवम्बर 2024 तक बोकारो में एसपीएसबी अंतर इस्पात संयंत्र क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रिकेट प्रतियोगिता में भिलाई इस्पात संयंत्र की टीम भी भाग ले रही है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीडा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड, इंदिरा प्लेस में 11 नवम्बर 2024 को दोपहर 2:00 बजे से चयन स्पर्धा आयोजित की गयी है। इस चयन स्पर्धा के माध्यम से भिलाई इस्पात संयंत्र की टीम का चयन किया जाएगा।

# विपणन कार्य में हो पूरी पारदर्शिता, केंद्रों में कृषकों के लिए हो पर्याप्त सुविधाएं - ऋचा शर्मा

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। राज्य में आगामी 14 नवंबर से खरीफ विपणन वर्ष 2024–25 के लिए पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रक्रिया शुरू होने जा रही है, जो 31 जनवरी 2025 तक चलेगी। इस संबंध में अपर मुख्य सचिव ऋचा शर्मा ने दुर्ग पीडब्ल्यूडी कार्यालय के सभाकक्ष में धान उपार्जन निराकरण से संबंधित संभाग स्तरीय समीक्षा की। उन्होंने समीक्षा के दौरान धान उपार्जन केन्द्रों की आरंभिक व्यवस्था, खरीफ विपणन वर्ष 2024–25 हेतु बारदाने की व्यवस्था, किसानों को भुगतान, किसानों के पंजीयन की स्थिति, धान खरीदी का आंकलन, धान रिसाइकिलिंग रोकने के उपाय, मील पंजीयन, मीलिंग प्लान, रेक मूवमेंट, एफसीआई तथा नागरिक आपूर्ति मिशन में चावल उपार्जन तथा अन्य आवश्यक विषयों पर विस्तार से चर्चा की।



अपर मुख्य सचिव ऋचा शर्मा ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि छोटे, सीमांत और बड़े कृषकों के द्वारा उपजाये गए पूरे धान को निर्धारित समर्थन मूल्य में खरीदा जाए। सभी इस प्रक्रिया में विशेष तौर पर खरीदी के दौरान केंद्रों में बारदाने की व्यवस्था से लेकर छाव, पानी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करें। पारदर्शिता बनाए रखने हेतु केंद्रों में सभी आवश्यक जानकारियां एवं नियम प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें। केंद्रों में शिकायत एवं निवारण के लिए शिकायत पेटी तथा हेल्प लाईन नं. भी चस्पा करना सुनिश्चित करें।

### किसानों को समय पर हो भुगतान

अपर मुख्य सचिव श्रीमती ऋचा शर्मा ने विशेष रूप से जोर दिया कि वास्तविक किसानों को धान बेचने के पश्चात भुगतान में समस्या न हो। इसके लिए मार्कफेड द्वारा 37500 करोड़ रूपये की व्यवस्था ऋण के माध्यम से की गई है। मार्कफेड द्वारा अपैक्स बैंक एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक को निर्देशानुसार अग्रिम का अंतरण किया जाएगा। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक द्वारा पी.एफ.एम.एस. के माध्यम से सीधे किसानों के खाते में अंतरण किया जायेगा। (अन्य किसी के खाते में अंतरण नहीं किया जायेगा।) संयुक्त खाते की स्थिति में परिवार के सदस्य के खाते में भुगतान किया जाएगा। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कैश मैनेजमेंट के संबंध में पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। साथ ही बैंकों में होने वाली अनावश्यक भीड़ से बचने के लिए किसानों के बैंक एटीएम की लिमिट को 20 हजार से बढ़ाकर 40 हजार किया गया है। सभी सोसाइटीज में माइक्रो एटीएम की सुविधा भी दी जा रही है जिससे 10 हजार तक का आहरण किया जा सकता है।

### रिसाइक्लिंग एवं अवैध धान की खपत पर नियंत्रण हेतु जिला स्तर पर हो विशेष तैयारी

अपर मुख्य सचिव ऋचा शर्मा ने धान खरीदी के दौरान रिसाइक्लिंग एवं अवैध धान की खपत को रोकने हेतु सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि रिसाइक्लिंग पर नियंत्रण हेतु जिला स्तर पर विशेष तैयारी की जाए। कोचिया एवं बिचौलिया द्वारा खरीदी केन्द्रों में किसान के बचत रकबे में न खपाया जाए। किसान पंजीयन डेटा में धान रकबा को बढ़ाकर इंद्राज किया जाना रोका जाए। खरीदी केन्द्रों में धान व्यवस्थित तरीके से रखा जाए। किसान पंजीयन के दौरान अन्य व्यक्ति की बैंक खाते की एंट्री किया जाए। राईस मिलर द्वारा अन्य स्थानों से धान लाकर जमा न किया जाए। उचित मूल्य दुकान स्तर पर चावल की रिसाईकलिंग को रोका जाए। संवेदनशील धान खरीदी केन्द्र द्वारा रिसाईकलिंग पर विशेष निगरानी रखी जाए। विशेष चेकिंग दल का गठन किया जाए, जिसमें राजस्व, खाद्य, मंडी, सहकारिता, फारेस्ट, परिवहन आदि विभागों की सहभागिता हो। संचालक खाद्य की अनुमति से धान का आयात हो।

अवैध धान परिवहन एवं विक्रय के संबंध में निगरानी एवं अनियमितता पाये जाने पर मंडी अधिनियम के तहत् कार्यवाही की जाए। कोचियों एवं बिचौलियों का चिन्हांकन कर समिति में धान लाकर अन्य किसानों के पंजीयन में खपाने का प्रयास करने पर वाहन एवं धान जप्त किए जाए। कृषि विभाग (मण्डी) द्वारा विशेष चेकिंग दल हेतु वाहन उपलब्ध कराए जाए। बैठक में संभागायुक्त दुर्ग एसएन राठौर, दुर्ग कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी, राजनांदगाव कलेक्टर संजय अग्रवाल, कबीरधाम कलेक्टर गोपाल वर्मा, बेमतरा कलेक्टर रणबीर शर्मा, बालोद कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा, मानपुर-मोहला-अम्बागढ़-चौकी कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति, प्रबंध संचालक्र नागरिक आपूर्ति निगम, प्रबंध संचालक अपैक्स, मंडल प्रबंधक भारतीय खाद निगम मंडी बोर्ड, महाप्रबंधक छग राज्य सहकारी विपण संघ, महाब्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम त्रिनाथ रेड्डी उपस्थित थे।

### पंजीयन प्रक्रिया पर करें फोकस ताकि अनियमितता और धोखा-धड़ी से किसानों को मिले राहत

अपर मुख्य सचिव ऋचा शर्मा ने किसान पंजीयन से संबंधित 18 अक्टूबर 2024 को जारी निर्देश तथा अन्य विशेष निर्देशों का पालन करने निर्देशित किया। इसके अंतर्गत डिजिटल कॉप सर्वे के माध्यम से प्राप्त बोये गये रकबे का मिलान भुईया एप्प से किया जाएगा। पड़त भूमि जिस पर अन्य फसल लिया गया हो, का चिन्हांकन कर एवं भुईया प्रविष्टि में संशोधन सुनिश्चित किया जाएगा। समिति स्तर पर रकबा परिवर्तन की सुविधा नहीं होगी। ऐसे कृषक जिनके द्वारा पूर्व वर्षों में धान का विकय नहीं किया गया है, का एसडीएम से जांच उपरांत ही उपार्जन सुनिश्चित किया जाएगा। मोबाईल एप्प के माध्यम से भौतिक सत्यापन का धान उपार्जन की प्रकिया की शुचिता बनाए रखना सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा डिजिटल क्राप सर्वे का भूईया साफ्टवेयर से मिलान कर त्रुटिपूर्ण रकबों में सुधार किए जाए। भूमि पड़त जिसपर अन्य फसल बोया गया हो, का स्थल सत्यापन कर किसान पोर्टल में पंजीयन संशोधन किए जाए। पटवारी से लेकर सचिव स्तर के अधिकारियों को शामिल करते हुए तीन स्तरों पर (तहसील, जिला एवं राज्य) मोबाईल एप्प के माध्यम से आकस्मिक निरीक्षण किए जाए। मोबाईल एप्प का उपयोग करते हुए रकबों का खरीदी पूर्व सत्यापन किया जाना सुनिश्चित किया जाए। यह ध्यान रखा जाए कि किसी भी किसान के भूमि के विरुद्ध ऋय किये धान के विरुद्ध भुगतान अनिवार्य रूप से उसी किसान के बैंक खाते में होना चहिये तथा यदि संयुक्त खाते की भूमि है, तो भुगतान उन्हीं में से किसी एक के खाते में होना चहिये।

# कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने निगम के विभिन्न वार्डों में होने वाली सफाई व्यवस्था को देखने पहुंचे

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने शनिवार को निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डो में दैनिक होने वाली सफाई व्यवस्था को देखने के उपरांत महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए है। इदिरा मार्केट, हटरी बाजार क्षेत्र, शनिचरी बाजार,सिविल लाइन सहित अन्य क्षेत्रों का सफाई व्यवस्था बेहतर करने के निर्देश देते हुए प्रत्येक वार्ड में पानी की निकासी के लिए निर्मित नालियों की सफाई के साथ मुख्य मार्ग, अंदरूनी मार्ग तथा आवागमन के लिए उपयोग होने वाले मार्गों पर नियमित सफाई करने के निर्देश निगम कमिश्नर अग्रवाल ने दिए हैं। इसके अलावा मुख्य मार्ग के दोनों तरफ किसी भी प्रकार की गंदगी अथवा मिट्टी का ढेर जमा नहीं होने देने के सबंध में चेताया है। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, प्रभारी कार्यपालन अभियंता आरके जैन, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा , कर्मशाला अधीक्षक शोएब अहमद, स्वच्छता निरीक्षक सुरेश भारती, सहित अमला मौजूद रहे।



कमिश्नर ने बाजार क्षेत्र में निरीक्षण करते हुए कहा कि दुकानदार को बताएं कि अपनी दुकान का कचरा बाहर न फेंकें। डस्टबिन में कचरा एकत्रित कर निगम की गाड़ी में डाले। अगर दुकानदारो द्वारा ऐसा नही करते है और अपना दुकान का कचरा सड़क में फेंकते पाये जाते हैं तो जुर्माना की कार्रवाही करें।

# वन्यप्राणी विनिमय के अंतर्गत मैत्री बाग में लाया गया मगरमच्छ और बार्किंग डियर

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र के उद्यानिकी विभाग के मैत्री बाग में, वन्यप्राणी विनिमय के अंतर्गत, सेंट्रल जू ऑथोरिटी द्वारा दो मगरमच्छ और चार बार्किंग डियर लाने की अनुमति प्राप्त हुई है। जिसके तहत 05 नवम्बर 2024 को मैत्री बाग में एक नर मगरमच्छ एवं दो नर और दो मादा बार्किंग डियर लाया गया। जिन्हें 06 नवम्बर 2024 को उनके केज में छोड़ा गया।



यह वन्यप्राणी विनिमय, सेंट्रल जू ऑथोरिटी द्वारा प्राप्त अनुमति के अंतर्गत भिलाई के मैत्री बाग जू एवं बिलासपुर के कानन पेंडारी जू के मध्य किया गया। जिसके तहत 20 सांभर के बदले उपरोक्त वर्णित जानवरों को लाया गया। जिसमें शेष बचे एक मादा मगरमच्छ को कानन पेंडारी जू की टीम द्वारा, तब मैत्री बाग जू लाया जायेगा जब इन 20 सांभरों को भिलाई से बिलासपुर ले जाया जायेगा। मैत्री बाग में इस मादा मगरमच्छ को इस महीने के अंत तक लाना अनुमानित है।

साथ ही मैत्री बाग जू प्रबंधन द्वारा 1 जोड़ी भालू, 2 ऑस्ट्रिच तथा 1 जोड़ी मोर को भिलाई लाने हेतु सेंट्रल जू ऑथोरिटी को प्रस्ताव भेजा गया है। यह सभी जानवर 20 सांभरों के विनिमय में ही शामिल है। वन्यजीव विशेषज्ञ, भिलाई मैत्री बाग प्रभारी एवं महाप्रबंधक (उद्यानिकी) डॉ एन के जैन ने यह जानकारी दी, कि सेंट्रल जू अथॉरिटी के मार्गदर्शन अनुसार ही इन वन्यप्राणी विनिमय की जाती है। लाये गये इस 10 वर्ष के नर मगरमच्छ की लम्बाई 8 से 9 फिट है, जो एक साल्ट/फ्रेश वाटर क्रोकोडाइल है। यह मस्क क्रोकोडाइल की तुलना में काफी लंबा और वजनी होता है।

साल्ट/फ्रेश वाटर क्रोकोडाइल ज्यादातर पानी में रहना पसंद करते हैं और ठंड के मौसम में ग्रास्पिंग करने पानी से बाहर आकर धूप में बैठते हैं। कभी कभी यह काफी लंबे समय (3-4 घंटे) के लिए धूप में रहना पसंद करते हैं। इनकी औसत आयु 40-50 वर्ष की होती है। बार्किंग डियर, जो हिरणों की सबसे छोटी प्रजाति है, अपने आसपास शेर या तेंदुआ होने पर कुत्तों की तरह आवाज निकलकर अपने अन्य साथियों को सतर्क करते हैं। इनकी केनाइन टिथ काफी बड़े होते हैं, जिसके कारण कभी कभी ये आपसी लड़ाई में अपने साथियों को घायल भी कर देते हैं। मैत्री बाग में लाये गए बार्किंग डियर की आयु 5-6 वर्ष है। इनकी औसत आयु 10-12 वर्ष की होती है।

# राज्यस्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में बीएसपी की बालिका टीम ने जीता रजत पदक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** बीएसपी की खो-खो बालिका टीम ने हाल ही में आयोजित 10वीं जूनियर राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता। यह प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ एमेच्योर खो-खो संघ एवं जिला एमेच्योर खो-खो संघ, राजनांदगांव द्वारा 5 से 7 नवंबर तक लाटमेटा, जिला राजनांदगांव में आयोजित की गई थी, जिसमें राज्य के विभिन्न जिलों की टीमों ने भाग लिया।



बीएसपी टीम ने सेमीफाइनल में बिलासपुर की टीम को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में दुर्ग जिले की टीम से कड़े मुकाबले के बाद 2 अंकों से हार का सामना करते हुए उपविजेता का खिताब प्राप्त किया। बीएसपी टीम की खिलाड़ी कुमारी झमीता साहू को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 'बेस्ट प्लेयर अवॉर्ड' से नवाजा गया। टीम का नेतृत्व कप्तान कुमारी अनुराधा सिंह ने किया और झमीता साहू, नम्रता यादव, सिमरन देशलहरा, युक्ता सिंह, रोशनी, अनादिता, खुशबू, उर्मिला, गिरिजा, खुशी सूर्यवंशी, और क्रिनशी गजपाल ने मिलकर शानदार खेल का प्रदर्शन किया। कोच सिकंदर भारती और प्रबंधक कुसुम मांझी के कुशल मार्गदर्शन ने इस सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बीएसपी खो-खो क्लब के अध्यक्ष एवं भिलाई इस्पात संयंत्र के पर्यावरण विभाग के महाप्रबंधक संजय कुमार ने टीम की इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा, बीएसपी खो-खो क्लब की बालिका टीम ने अपनी मेहनत, समर्पण और उत्कृष्ट खेल कौशल से यह गौरवपूर्ण सफलता अर्जित की है। उन्होंने कहा कि भिलाई ऐसा स्थान है जहां खिलाड़ियों को बेहतरीन प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। भिलाई के खिलाड़ियों ने न केवल राज्य बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्षन कर भिलाई और छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाया है। कई खिलाड़ियों को उनकी विषेष उपलब्धियों के कारण विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर भी प्राप्त हुए है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी और कहा कि वे आगे भी इसी प्रकार अपने उत्कृष्ट खेल प्रदर्षन से हमारे क्लब और राज्य का नाम रोशन करते रहे। बधाई और सम्मान समारोह में छत्तीसगढ़ खो-खो संघ के अध्यक्ष श्री कमलजीत अरोरा ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। महासचिव तरुण शुक्ला द्वारा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने हेतु सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। 8 से 10 नवंबर तक झीट, पाटन में एडवेंचर ट्रॉफी का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें छत्तीसगढ़ के शीर्ष 10 जूनियर बालिका क्लब और 10 सब-जूनियर बालक क्लब हिस्सा ले रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि सभी राज्य और राष्ट्रीय खो-खो खेल पीवीसी मैट पर खेले जाते हैं, जो भारत की खो-खो फेडरेशन द्वारा मान्यता प्राप्त रेव-आर प्रीमियम प्लस गुणवत्ता के होते हैं। इन मैट्स के उपयोग से खिलाड़ियों की चोटिल होने की संभावना कम होती हैं और खेल की गति में सुधार होता है। बीएसपी अपने सीएसआर गतिविधियों के तहत बच्चों के लिए नवीनतम सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खेल मैदान में एक डोम शेड के साथ स्थायी सीमेंट फर्श पर पीवीसी खो-खो मैट लगाने की योजना बना रहा है।

सेंट्रल एवेन्यू, सेक्टर-4 स्थित बीएसपी खो-खो क्लब के खेल मैदान का रखरखाव नगर प्रशासन, खेल एवं सांस्कृतिक विभाग द्वारा किया जाता है। मैदान में दो कमरों के साथ एक हॉल और शौचालय की सुविधा भी है। ग्रामीण क्षेत्र के एवं आस-पास के गांवों के गरीब बच्चों के लिए बीएसपी खो-खो क्लब का सेंट्रल एवेन्यू स्थित खेल मैदान नियमित अभ्यास का केंद्र है। इन बच्चों में से कई ने राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर भिलाई का नाम रोशन किया है। बीएसपी इन बच्चों को अत्याधुनिक खेल सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।


Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65




Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Premier sales: 8959493000
A Leela Electronics: 9425507772
Reena Electronics: 9329132299
Shree Electronics: 7000827361
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...

### जनजातीय गौरव दिवस पर चित्रकला प्रतियोगिता 13 नवम्बर से

**रायपुर।** आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान नवा रायपुर द्वारा जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में 13 से 15 नवम्बर तक तीन दिवसीय राज्य स्तरीय जनजातीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन साइंस कॉलेज मैदान में किया जाएगा। चित्रकला प्रतियोगिता विभिन्न आयु वर्ग अनुसार आयोजित की जाएगी।

इस चित्रकला प्रतियोगिता का शीर्षक राज्य स्तरीय जनजतीय चित्रकला प्रतियोगिता है। चित्रकला का विषय जनजातीय जीवन शैली है। कार्यालय में पंजीयन फार्म प्राप्त होने की अंतिम तिथि 11 नवम्बर है। इच्छु व्यक्ति सहायक संचालक श्रीमती रमा उईके मो. 93016-55487 और पार्वती जगत मो. 78059-82502 से संपर्क कर सकते है। प्रतियोगिता का आयोजन राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में होगा। प्रतियोगिता में भाग लेने प्रतिभागी पंजीयन फार्म, पुरस्कार राशि, प्रतियोगिता से संबंधित नियम एवं शर्तों से संबंधित विस्तृत जानकारी विभाग की वेबसाईट-cgtrti.gov.in से प्राप्त कर सकते है।

उल्लेखनीय है कि भरे हुए पंजीयन फार्म संस्थान के ई-मेल sltpaintingcompetition@gmail.com पर अथवा डाक के माध्यम से, व्यक्तिगत रूप से कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा विज्ञप्ति में दिये गये व्हाटसप नं. में प्रेषित किये जा सकते हैं। प्रतिभागी पंजीयन फार्म के साथ अन्य वांछित अभिलेख भी संलग्न करना सुनिश्चित करें। चित्रकला प्रतियोगिता हेतु पेंटिग ब्रश को छोड़कर अन्य आवश्यक सामग्री जैसे-केनवास, कार्टिज पेपर व ईजल, ड्राईंग शीट, कलर्स, पैलेट आदि संस्थान द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा।

### मतदाता जागरूकता रथ व नाटक के माध्यम से दिया प्रेरक संदेश

**रायपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह के नेतृत्व तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नोडल अधिकारी स्विप श्री विश्वदीप के मार्गदर्शन में रायपुर दक्षिण विधानसभा में होने वाले उपचुनाव में इस क्षेत्र के मतदाताओं को निष्पक्ष व निर्भीक होकर शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता रथ के माध्यम से लोगों को प्रेरक संदेश दिया जा रहा है। इसके साथ-साथ रायपुर दक्षिण क्षेत्र के शैक्षणिक संस्थानों में कालेज तथा दल द्वारा गीत वाला गुना टीका के माध्यम से 18 वर्ष से अधिक आयु के विद्यार्थियों को वोट देने तथा 18 वर्ष से कम आयु के विद्यार्थियों को अपने पालकों को 13 नवंबर को मतदान करने जाने हेतु आग्रह करने का संदेश रोचक तरीके से दिया जा रहा है। स्कूल कॉलेज में विविध रोचक प्रतियोगिताओं के माध्यम से भी मतदाता जागरूकता हेतु विविध गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इनमें नवीन मतदाता तथा भावी मतदाता रुचि के साथ भाग ले रहे है तथा लोकतंत्र को मजबूत बनाने की प्रक्रिया में सकरी सहभागिता सुनिश्चित कर रहे हैं। आयोजन के बाद मतदान के लिए शपथ दिलाई जा रही है।

# खेतों में घुस रहा फैक्ट्री का गंदा पानी, किसान हैं परेशान

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** राजधानी से लगे धरसींवा के खेतों में फार्च्यून उद्योग कपसदा से निकलने वाला गंदा पानी घुस रहा है। जिसकी वजह से पिछले तीन सालों में खेती को काफी नुकसान पहुंच रहा है। वहीं कारखाना की कानफोड़ू आवाज से लोग परेशान हैं और समय रहते तक फैक्ट्री की मनमानी नही रोका गया तो गांव के किसानों सहित ग्रामीण जन जीवन मे गहरी समस्या आ सकती है। वहीं इन मुद्दों को लेकर ग्रामीण और सरपंच जन आंदोलन करने की बात कही है और पूरी घटना की जानकारी जिला कलेक्टर को दी गई है।

धरसींवा ब्लाक मुख्यालय से पांच किलोमीटर पर बसे शांत प्रिय गांव कपसदा है। जहां शासन की ओर से स्कूल सहित सभी मूलभूत सुविधाएं मौजूद है और ग्रामीण बड़े ही सौहार्द के साथ जीवन यापन करते हैं। गांव में ज्यादातर किसान ही हैं और खेतीबाड़ी से ही जीवन यापन करते हैं। लेकिन, बीते कुछ वर्षों से ग्राम के शरहद में लगे फार्च्यून लोहा उद्योग की आवाज से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। दूसरी ओर कंपनी के भीतर से निकलने वाली गंदे पानी किसानों की फसल बर्बाद हो रही है।

### फसलें हो रही हैं बर्बाद

इसको लेकर कपसदा गांव के सरपंच फूलचंद साहू ने बताया कि, फार्च्यून फॉक्ट्री से निकलने वाले गंदे पानी की वजह से 3 एकड़ जमीन बंजर हो गई है और खेती का एक बड़ा भू-भाग बर्बाद हो गया है। उद्योग से निकलने वाले पानी खेती वाले इलाके में लगातार फैल रहा है। किसानों के धान की फसल पूरी तरह डूबकर बर्बाद हो गए हैं. धान की जगह खेतों में सिर्फघासफूस ही दिखाई दे रहा है। वहीं इस सबन्ध में जब फैक्ट्री प्रबंधन से जब मुआवजे की बात की गई तो देखेंगे का जवाब आता है। उन्होंने आगे कहा कि, अब बर्दास्त नही करेंगे और मुख्यमंत्री से ही लगाएंगे।

### दहशत के साए में जी रहे हैं ग्रामीण

एक ग्रामीण ने हमारे संवादाता को बताया कि, गांव के बेडरूम और आंगन की शरहद तक फैली उद्योग में जब कोई आवाज आती है तो ग्रामीण इस दहशत में रहते है कि, कम्पनी में कोई ब्लास्ट तो नही हो गया। हमें डर लगता है कि, कंपनी से निकलने वाला लावा घर मे तो नही घुस आएगा, ऐसे दहशत में हमारी रात बीत रही है। वहीं पढ़ने वाले छात्र व छात्राओ से बात करने पर कहा कि, ग्राम कपसदा और क्षेत्र में कारखाना खोलने से रहवासी परेशान हैं। कारखाने से निकलने वाली धूल और आवाज की वजह से रहवासियों को तकलीफहो रही हैं। यहां तक की छात्रों की पढ़ाई भी पूरी तरह से प्रभावित हो रहा है।

### हर्बल और आर्गेनिक उत्पादों की बढ़ी डिमांड

स्वास्थ्य, पर्यावरण और रसायनों के दुष्प्रभाव से बचने के लिए बाजार में आर्गेनिक उत्पादों की डिमांड लगातार बढ़ रही है। इस बढ़ती मांग ने शहर में कई स्टार्टअप्स को जन्म दिया है, जो हर्बल उत्पादों से जुड़े हुए हैं, जैसे कि दवाइयां, भोजन और कास्मेटिक्स।

शहर में अब 10 से अधिक स्टार्टअप आर्गेनिक उत्पादों पर आधारित हैं। माय फार्म नैचुलरल के संस्थापक प्राशु गुप्ता ने बताया कि वे 265 एकड़ में जैविक खेती कर रहे हैं, जिसमें सरसों, चीया बीज, धान की छह किस्में और फल शामिल हैं। वे पांच अलग-अलग फार्मों में प्रोसेसिंग यूनिट के माध्यम से विभिन्न खाद्य उत्पाद तैयार कर रहे हैं, जिससे उन्हें अच्छी आमदनी हो रही है। गुप्ता का कहना है कि आजकल लोग स्वास्थ्य और पर्यावरण के प्रति जागरूक हो रहे हैं, जिससे हर्बल और आर्गेनिक उत्पादों की मांग बढ़ रही है। कृषि प्रधान राज्य होने के कारण अब युवा उद्यमी खेती से संबंधित स्टार्टअप्स की ओर आकर्षित हो रहे हैं, जिससे किसानों को भी लाभ मिल रहा है।

मिलेट (मोटे अनाज) से बने खाद्य उत्पादों की स्टार्टअप कंपनी इम्यूनो मिलेट की संस्थापिका कविता देव बताती हैं कि पिछले तीन-चार वर्षों में लोगों के खानपान में काफी बदलाव आया है, खासकर कोरोनाकाल के बाद। अब लोग ऐसे खाद्य पदार्थों को प्राथमिकता दे रहे हैं जो स्वाद के साथ-साथ स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद हों। रागी, ज्वार, बाजरा जैसे मोटे अनाजों की डिमांड बढ़ी है। बिस्किट, लड्डू, इटली, दोसा, खीर, उपमा और कटलेट जैसी चीजों में इन अनाजों का इस्तेमाल हो रहा है। मिलेट्स शरीर को कई रोगों से बचाते हैं और फिट रखने में मदद करते हैं।



स्टार्टअप विशेषज्ञ और उद्यमी तुषार वढ़ेरा का कहना है कि रायपुर और आसपास के क्षेत्रों में आर्गेनिक उत्पादों का बाजार करोड़ों रुपये का है। आफलाइन और ऑनलाइन दोनों माध्यमों में इन उत्पादों की भारी मांग है। इस बाजार में अनाज, सब्जियां और फल मुख्य रूप से मांग में रहते हैं। इसके अलावा, जैविक दालें, मसाले और डेयरी उत्पाद भी लोगों की पसंद बनते जा रहे हैं। बदलती जीवनशैली ही इन स्टार्टअप्स के जन्म का मुख्य कारण है। अब लोग प्रकृति की ओर लौट रहे हैं।

### किसानों को मिल रहा फायदा

कृषि से जुड़े स्टार्टअप्स के विशेषज्ञों का कहना है कि हर्बल और आर्गेनिक उत्पादों की बढ़ती मांग से किसानों को लाभ हो रहा है। स्टार्टअप कंपनियां सीधे किसानों से उनके उत्पाद खरीद रही हैं, जिससे किसानों को बाजार में अपनी फसल बेचने के लिए भटकना नहीं पड़ता। इस प्रक्रिया से किसानों को अच्छे दाम मिल रहे हैं, और वे अधिक मुनाफा कमा रहे हैं। यही कारण है कि अब किसान खेती की ओर अधिक ध्यान दे रहे हैं।

# मतदाता जागरूकता पर रैली व नुक्कड़ नाटक

श्रीकंचनपथ न्यूज







**रायपुर।** महंत लक्ष्मीनारायण दास महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा मतदाता जागरूकता रैली और नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जागरुकता रैली महंत महाविद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर सिटी कोतवाली, नगर निगम, महिला थाना से गांधी चौक मैदान में नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति के साथ हुई नाटक के माध्यम से किसी भी प्रकार के लोभ व फर्ज़ी वादे से दूर रहने की शिक्षाप्रद अभिव्यक्ति दी गई । महाविद्यालय के समीप स्थित चावड़ी में यह आयोजन किया गया भारी संख्या में मजदूरों एवं राहगीरों द्वारा बच्चों का उत्साह वर्धन किया गया।

रैली में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.देवाशीष मुखर्जी,प्राध्यापक प्रो.ललित मोहन वर्मा, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ.लक्ष्मीकांत साहू ,डॉ अर्चना मोडक, डॉ श्रुति तिवारी, प्रो. सोमा गोस्वामी,डॉ.जया चंद्रा, प्रो.आशीष शर्मा,डॉ श्वेता महाकालकर, डॉ चरणजीत, प्रो. अपूर्वा शर्मा ने भाग लिया। नुक्कड़ नाटक में रासेयो स्वयंसेवक विकास रजक, अमन पांडेय, मिथलेश द्विवेदी, अस्फिया खान, ग्रेसी पात्रा, अलका यादव, खुशबू पांडेय, खुशबूमहानंद, पायल देवांगन, रेशमी साहू, डाली, प्रिंस, शिवम, रूपेश एवं महेंद्र ने प्रस्तुति दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक की विशेष भूमिका रही।

# 12 व 13 को सामूहिक तुलसी विवाह में 108 जोड़ों का करेंगे कन्यादान

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** विधानसभा रोड स्थित स्वर्णभूमि में तुलसी विवाह समिति द्वारा 12 व 13 नवंबर को सामूहिक तुलसी विवाह एवं एकादशी उद्यापन का आयोजन किया गया है जहां 108 जोड़ों का कन्यादान होगा।

मीडिया प्रभारी कविता राठी ने बताया कि आचार्य राजेंद्र महाराज सहित भागवताचार्य देवकृष्ण महाराज के सानिध्य में संगीतमय संकीर्तन का आयोजन होगा। सोमवार को आचार्यों के आगमन के साथ ही वेदी निर्माण एवं मंडप रचना की जाएगी जिसके पश्चात मंगलवार को प्रात: 9 बजे से 108 जोडियों द्वारा संकल्प व वेदियों की पूजा प्रतिष्ठा के साथ शुभारंभ होगा। दोपहर 3 बजे श्रीठाकुर जी की बारात निकलेगी जिसके बाद बुधवार को प्रात: हवन के पश्चात यजमान जोडियों एवं व्रतधारियों के लिए महाप्रसादी एवं महाभंडारे का आयोजन किया गया है।

उक्त आयोजन के प्रभारी हेमलता बंसल, अनिता खंडेलवाल, आरती अग्रवाल, वर्षा अग्रवाल व कांता सिंघानिया द्वारा लगातार कार्यक्रम को भव्य एवं विशाल रूप देने बारीकी से तैयारी की जा रही है व वन बंधु परिषद रायपुर चैप्टर द्वारा विशेष सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

# गिरदावरी कार्य में पारदर्शिता लाने के लिए ही किया जा रहा सत्यापन:कलेक्टर शर्मा

श्रीकंचनपथ न्यूज



**बेमेतरा।** खरीफ फसल 2024-25 में किसानों द्वारा लगाए धान फसल की वास्तविक गिरदावरी संबंधित पटवारियों के माध्यम से किया। अब छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में अधिकारियों द्वारा गिरदावरी सत्यापन का कार्य सक्रियता से किया जा रहा है।

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने बेमेतरा जिले के विकासखंड बेरला के ग्राम आनंदगांव में किसान सुखू एवं अन्न के खेत में लगायी गयी धान फसल का गिरदावरी का सत्यापन किया। उन्होंने कहा कि गिरदावरी कार्य में पारदर्शिता लाने के लिए ही गिरदावरी सत्यापन किया जा रहा है। इसके बाद राज्य से आने वाले अधिकारियों द्वारा भी द्वारा गिरदावरी के 2 प्रतिशत गिरदावरी सत्यापन किया जाएगा।

कलेक्टर ने कहा कि पटवारियों द्वारा संपादित वास्तविक गिरदावरी कार्यों को शत-प्रतिशत शुद्ध करने के लिए गिरदावरी का सत्यापन के लिए जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारियों को अधिकृत किया गया है। ताकि किसी प्रकार की त्रुटि की गुंजाइश ना रहे। फसल गिरदावरी व फसल सत्यापन का कार्य जीपीएस आधारित मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से किया जा रहा है । गिरदावरी सत्यापन की इस प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य फसल की स्थिति का वास्तविक आकलन करना है, ताकि किसानों को उचित समर्थन उपलब्ध कराया जा सके।

कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि गिरदावरी सत्यापन के तहत अधिकारियों द्वारा खेतों का दौरा किया जा रहा है, जहां वे फसल की गुणवत्ता, भूमि की स्थिति और उत्पादन की संभावनाओं का मूल्यांकन कर रहे हैं। इस सत्यापन प्रक्रिया से सरकार को वास्तविक डेटा प्राप्त होगा, जिससे कृषि नीतियों को सही दिशा में क्रियान्वित किया जा सकेगा। इस मौके पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बेरला सुश्री पिंकी मन हर, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण निर्मल सिंह, सहित खाद्य विभाग के अधिकारी, तहसीदार और कॉपरेटिव सोसायटी के अधिकारी उपस्थित थे।

मालूम हो कि छत्तीसगढ़ में खरीफ फसल 2024-25 का धान उपार्जन आगामी 14 नवंबर से शुरू होगा। उन्होंने धान खरीदी की सभी तैयारी समय रहते पूरा करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने इससे पहले आज प्रात: संयुक्त जिला कार्यालय भवन स्थित दृष्टि सभा कक्ष में धान उपार्जन 2024-25 की तैयारी के संबंध खाद्य विभाग के अधिकारियों की समीक्षा भी ली थी।

# विधायक मिश्रा ने करोड़ों के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले रायपुर नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 3 के तहत महात्मा गाँधी वार्ड नम्बर 12 के क्षेत्र में विभिन्न 10 स्थानों में अधोसंरचना मद, रायपुर उत्तर विधायक निधि,जिला खनिज संस्थान न्यास मद से एकमुश्त 1 करोड़ 9 लाख 59 हजार रूपये की स्वीकृत लागत से नई सीसी रोड, नाली, पुलिया निर्माण, पंडरी तराई में फितुराम वर्मा शासकीय मिडिल स्कूल एवं लोधीपारा की नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्कूल में मरम्मत एवं रंगरोगन के नवीन विकास कार्य शीघ्र किये जाने वार्ड 12 के पार्षद एवं निगम जोन 3 जोन अध्यक्ष डॉक्टर प्रमोद साहू सहित नगर निगम जोन 3 जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे, कार्यपालन अभियंता ईश्वर टावरे, उप अभियंता नरेश कुमार साहू, गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं, महिलाओं, नवयुवकों, आमजनों की बड़ी संख्या में उपस्थिति में श्रीफल फोड़कर एवं कुदाल चलाकर भिन्न स्थानों में विविध नवीन विकास कार्यों का भूमिपूजन कर उन्हें प्रारम्भ करवाया।

रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने जोन 3 जोन कमिश्नर, कार्यपालन अभियंता को तत्काल नवीन स्वीकृत विकास कार्य प्रारम्भ करवाकर सतत मॉनिटरिंग करते हुए तय समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से जनहित में जनसुविधा विस्तार की दृष्टि से पूर्ण करवाना प्राथमिकता से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। नगर निगम जोन 3 जोन अध्यक्ष एवं महात्मा गाँधी वार्ड नम्बर 12 के पार्षद डॉक्टर प्रमोद साहू ने वार्डवासियों की ओर से रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा को वार्ड नम्बर 12 के क्षेत्र में एकमुश्त 1 करोड़ 9 लाख 59 हजार रूपये के नए विकास कार्य भूमिपूजन करके प्रारम्भ करवाने पर हार्दिक धन्यवाद दिया।


### निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने सौंदर्यीकरण कार्यों में तेजी लाने दिए निर्देश

**रायपुर ।** नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने राजधानी शहर रायपुर के जीई मार्ग साइंस कालेज के समीप से गोल चैक तक प्रगतिरत मार्ग सौंदर्यीकरण कार्य सहित व्हीआईपी रोड , फुण्डहर चैक, केनाल लिंकिंग रोड, विधानसभा मार्ग, विभिन्न प्रमुख मार्गो में प्रगतिरत मार्ग सौंदर्यीकरण कार्यो की जानकारी अधिकारियों से ली एवं उन्हें मार्ग सौंदर्यीकरण के विभिन्न प्रगतिरत कार्यो को तेजी से गतिमान कर शीघ्रता से पूर्ण करवाने के निर्देश दिये। आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने जीई रोड में एवं साइंस कालेज के समीप से गोल चैक रोहणीपुरम तक करवाये जा रहे मार्ग सौंदर्यीकरण एवं सुन्दर आर्ट वर्क के कार्य की जानकारी लेकर रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के संबंधित अधिकारियों को शीघ्रता से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये है। आयुक्त ने हीरा ग्रुप अबिनाश ग्रुप सहित विभिन्न व्यवसायिक एवं औद्योगिक समूहों द्वारा एवं जनभागीदारी से केनाल लिंकिंग रोड एवं विधानसभा मार्ग फुण्डहर क्षेत्र , व्हीआईपी रोड सहित चांदनी चैक से आईएसबीटी रोड, पचपेड़ी नाका मार्ग में करवाये जा रहे मार्ग किनारे पाथवे में सौंदर्यीकरण एवं मार्ग विभाजकों के मध्य सुव्यवस्थित तरीके से पौधरोपण कराये जाने , मार्ग विभाजको का रंगरोगन किये जाने , मार्ग के किनारो का सौंदर्यीकरण स्वच्छता कायम कर किये जाने, चैक चैराहो का सौंदर्यीकरण किये जाने, लाखे नगर चैक को सुन्दर स्वरूप देने एवं वहां सन एण्ड सन ग्रुप की सहभागिता से विशाल मोर की प्रतिकृति लगाने की योजना को लेकर प्रगति की जानकारी ली एवं कार्य को तेज गति से करवाने आवष्यक निर्देश दिये। आयुक्त ने विभिन्न मार्गो में सीएसआर मद से प्रगतिरत मार्ग सौंदर्यीकरण कार्यो की जानकारी ली एवं तेज गति से उन्हें शीघ्र जनहित में जनसुविधा विस्तार हेतु पूर्ण करवाने के निर्देश दिये।
















# रेजर बर्न की समस्या से छुटकारा दिला सकता है आंवला का तेल

रेजर बर्न एक आम समस्या है, जो शेविंग के बाद त्वचा पर जलन और लालिमा का कारण बनती है। इससे निपटने के लिए कई घरेलू नुस्खे हैं, जिनमें से एक है आंवला तेल का उपयोग।आंवला तेल में एंटीऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो त्वचा को राहत देने में मदद करते हैं। इस लेख में हम जानेंगे कि कैसे आप आंवला तेल की मदद से रेजर बर्न को शांत कर सकते हैं।



## त्वचा की सफाई करें

रेजर बर्न होने पर सबसे पहले अपनी त्वचा को अच्छी तरह साफ करें।इसके लिए गुनगुने पानी और माइल्ड फेस वॉश का उपयोग करें। इससे आपकी त्वचा पर जमा धूल-मिट्टी और बैक्टीरिया हट जाएंगे, जिससे संक्रमण का खतरा कम हो जाएगा। साफ-सुथरी त्वचा पर जब आप आंवला तेल लगाएंगे तो यह जल्दी असर करेगा और जलन कम होगी। इसके अलावा साफ त्वचा पर तेल के पोषक तत्व भी बेहतर तरीके से अवशोषित होंगे, जिससे राहत मिलेगी।

## हल्के हाथों से मसाज करें

आंवला तेल को हल्के हाथों से प्रभावित क्षेत्र पर लगाएं और धीरे-धीरे मसाज करें। इससे रक्त संचार बढ़ता है और त्वचा को आराम मिलता है। ध्यान रखें कि मसाज करते समय ज्यादा दबाव न डालें क्योंकि इससे जलन बढ़ सकती है। आंवला तेल के नियमित उपयोग से रेजर बर्न जल्दी ठीक हो सकता है। इसे दिन में दो बार लगाने से भी फायदा होता है, जिससे त्वचा को राहत मिलती है और जलन कम होती है।

## ठंडे प्रभाव से होगा फायदा

आंवला तेल लगाने के बाद प्रभावित क्षेत्र पर ठंडा प्रभाव देना भी फायदेमंद होता है। इसके लिए आप एक साफ कपड़े में कुछ आइस क्यूब्स लपेटकर उसे हल्के हाथों से प्रभावित क्षेत्र पर लगाएं। ठंडक मिलने से जलन कम होती है और सूजन भी घटती है। अगर आइस क्यूब्स उपलब्ध नहीं हैं तो आप ठंडे पानी में भिगोए हुए कपड़े का भी उपयोग कर सकते हैं। इससे त्वचा को राहत मिलेगी और रेजर बर्न की समस्या जल्दी ठीक होगी।

## रातभर छोड़ें

अगर आपकी समस्या ज्यादा गंभीर नहीं है तो आप रातभर के लिए आंवला तेल लगा सकते हैं। सोने से पहले इसे प्रभावित क्षेत्र पर लगाकर छोड़ दें ताकि यह पूरी रात काम कर सके। अगली सुबह गुनगुने पानी से चेहरा धो लें। इससे आपकी त्वचा नरम होगी और रेजर बर्न की समस्या भी धीरे-धीरे खत्म हो जाएगी। आंवला तेल के पोषक तत्व रातभर में त्वचा को आराम पहुंचाते हैं और जलन को कम करते हैं।

## नियमित उपयोग करें

आंवला तेल का नियमित उपयोग करना बहुत जरूरी है ताकि आपको लंबे समय तक इसका फायदा मिल सके। हफ्ते में 2 या 3 बार इसका इस्तेमाल करने से आपकी त्वचा स्वस्थ रहेगी और भविष्य में रेजर बर्न की संभावना भी कम होगी। इस प्रकार इन सरल उपायों को अपनाकर आप आसानी से रेजर बर्न की समस्या को दूर कर सकते हैं और अपनी त्वचा को स्वस्थ बना सकते हैं।

बोली- प्रभास से बेहतर कुछ नहीं




# द राजा साहब संग तेलुगू फिल्मों में डेब्यू करेंगी मालविका मोहनन

तमिल सिनेमा की खूबसूरत अभिनेत्री मालविका मोहनन अब तेलुगू फिल्म में डेब्यू को तैयार हैं। मालविका बाहुबली स्टार प्रभास संग नजर आएंगी।

मालविका मोहनन 'द राजा साहब' के साथ तेलुगू फिल्मों में डेब्यू के लिए तैयार हैं। द राजा साहब के बारे में मालविका ने कहा सुपरस्टार प्रभास से बेहतर कुछ नहीं हो सकता है। मालविका ने कहा 'यह मेरी तेलुगू डेब्यू है और मैंने इसके लिए लंबे समय तक इंतजार किया है। अभिनेत्री ने कहा कि 'मैं चाहती थी कि तेलुगू इंडस्ट्री में कदम रखने के लिए मेरे पास सही फिल्म आए। उन्होंने आगे कहा मुझे लगता है कि प्रभास सर से बेहतर कुछ नहीं हो सकता है।

रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'द राजा साहब' के बारे में अभिनेत्री ने कहा बहुत मजेदार फिल्म है, जो दर्शकों को काफी पसंद आने वाला है। मोहनन ने कहा 'यह हल्की-फुल्की फिल्म है और दर्शकों को आकर्षित करेगी, हम अभी इसकी शूटिंग कर रहे हैं। फिल्म की रिलीज डेट को लेकर अभिनेत्री ने कहा द राजा साहब अगले साल अप्रैल में रिलीज हो सकती है, दर्शकों के साथ मैं भी फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रही हूं।



मालविका मोहनन इन दिनों 'सरदार 2' की शूटिंग में व्यस्त हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अभिनेत्री ने फिल्म की एक झलक साझा की। उन्होंने दो तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें वह एक्शन सीन्स के लिए तैयार होती देखी जा सकती हैं।

पोस्ट में मालविका एक स्टंट के लिए तैयार नजर आईं। अभिनेत्री ने कैप्शन में एक लंबा नोट भी लिखा और बताया कि चुनौतीपूर्ण सीन्स की शूटिंग कैसे होती है। मालविका ने लिखा 'सरदार 2' के लिए कुछ चुनौतीपूर्ण स्टंट सीक्वेंस शूट किए और सोचा कि मैं आप लोगों को दिखाऊं कि हम अपने कॉस्ट्यूम के अंदर जो बचाव के लिए हार्नेस पहनते हैं वह कैसा दिखता है।

थंगालान के कुछ सीन्स के लिए मुझे पहले रस्सी पर काम करना बहुत मुश्किल और कठिन लगता था, लेकिन अब ट्रेनिंग के साथ यह आसान हो गया है।

अभिनेत्री ने बताया मुझे हाल ही में 100 मीटर की ऊंचाई से कूदना पड़ा, जो मजेदार नहीं था। उन्होंने आगे बताया 'मुझे अब इसमें महारत हासिल है और जब आप तकनीकी और शॉट सही तरीके से करते हैं तो यह बहुत ही रोमांचक हो जाता है। लास्ट में उन्होंने मजेदार अंदाज में कहा लड़कों को ही सारा मजा क्यों मिलना चाहिए!'

# राम चरण जल्द देगें फैंस को तोहफा, कियारा आडवाणी का आया लुक



राम चरण और कियारा आडवाणी अपनी की आगामी फिल्म गेम चेंजर की रिलीज की तैयारी में जुट गए है। हाल ही में कियारा आडवाणी ने गेम चेंजर के टीजर की तारीख का खुलासा किया है। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर अपनी खूबसूरत अवतार में अपनी तस्वीरें पोस्ट की है और फिल्म के टीजर डेट से पर्दा उठाया है।

कियारा आडवाणी अपनी अपकमिंग साउथ मूवी गेम चेंजर के लिए काफी एक्साइटेड हैं। फिल्म में वे एक बार फिर आरआरआर सुपरस्टार राम चरण के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करती दिखेंगी। कियारा ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर गेम चेंजर के टीजर के बारे में अपडेट दिया है। उन्होंने इसे अपनी लेटेस्ट तस्वीरों के साथ जोड़ा है।

कियारा ने पोस्ट में टीजर के बारे में अपडेट देते हुए लिखा है, आगे क्या होने वाला है, यह देखने के लिए स्वाइप करें। गेम चेंजर टीजर कल (9 नवंबर) आएगा। तस्वीरों की बात करें तो ऑल स्काई ब्लू लुक में पानी के बीच बैठी कियारा किसी मरमेड से कम नहीं लग रही है। पहली तस्वीर में वह हाथ में मोबाइल पकड़े खुले आसमान और पानी के बीच चेयर पर बैठे कैमरे के लिए पोज देती दिख रही हैं। वहीं, दूसरे तस्वीर में वह कातिलाना अदाओं के साथ पोज देती नजर आईं।

गेम चेंजर का टीजर आज 9 नवंबर को रिलीज हो रहा है। वहीं फिल्म अगले साल मकर संक्राति के मौके पर 10 जनवरी को रिलीज होगी। फिल्म में राम चरण और कियारा आडवाणी अहम भूमिका में हैं। वहीं, एसजे सूर्या, जयराम, अंजलि, श्रीकांत, सुभलेखा सुधाकर, सुनील, नासर जैसे को-स्टार के तौर पर नजर आएंगे।

# पुष्पाः द रूल में नजर आएंगी श्रीलीला, अल्लू अर्जुन के साथ करेंगी धमाकेदार डांस

अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पाः द रूल इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। यह 2021 में आई फिल्म पुष्पाः द राइज का सीक्वल है, जो बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुआ। पुष्पाः द रूल 5 दिसंबर, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। अब खबर आ रही है कि पुष्पाः द रूल की स्टार कास्ट में शामिल हो गई हैं। वह फिल्म में अल्लू के साथ एक गाने में डांस करती नजर आएंगी।

रिपोर्ट के मुताबिक, पुष्पाः द रूल के आइटम नंबर के लिए श्रीलीला को चुना गया है। इससे पहले निर्माताओं ने श्रद्धा कपूर से भी संपर्क किया था, लेकिन मुंहमांगी रकम के कारण निर्माताओं ने उनकी छुट्टी कर दी। इसके अलावा इस आइटम नंबर के लिए तृप्ति डिमरी से भी बात हो चुकी है। श्रीलीला फिल्म के एक विशेष गाने में डांस करती नजर आएंगी। इस दौरान अल्लू उनका साथ देने वाले हैं।

पुष्पाः द रूल के निर्देशन की कमान सुकुमार कर रहे हैं। पहले भाग का निर्देशन भी उन्होंने ही किया था। फहद फासिल भी इस फिल्म में अपनी अदाकारी का तड़का लगाते हुए नजर आएंगे। पुष्पाः द रूल हिंदी समेत तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ के साथ बंगाली भाषा में भी रिलीज होगी। यह पहली पैन-इंडिया फिल्म है, जो बंगाली भाषा में रिलीज होने वाली है। सिनेमाघरों में कमाई करने के बाद यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।





# रिवीलिंग लहंगा पहन पूजा हेगड़े ने इंटरनेट पर लगाई आग, एक्ट्रेस की हॉटनेस देख होश खो बैठे फैंस

बॉलीवुड एक्ट्रेस पूजा हेगड़े हमेशा अपनी बोल्डनेस और हॉटनेस से फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं। वो जैसे ही अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट एथनिक लुक्स में फोटोज शेयर की हैं, जिसमें उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।

एक्ट्रेस पूजा हेगड़े आए दिन लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं। उनका कातिलाना अंदाज इंस्टाग्राम पर आते ही छाने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन फोटोज में उनका सिजलिंग अवतार देखकर फैंस बेकाबू हो गए हैं। लेटेस्ट फोटोशूट में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने सिल्वर कलर का लहंगा पहना हुआ है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक पोज देती हुई नजर आ रही हैं। ओपन हेयर को कर्ली स्टाइल में लुक कर के और साथ ही लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।

पूजा हेगड़े जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थकते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। बता दें कि एक्ट्रेस पूजा हेगड़े सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी तगड़ी है।


# अलाया एफ ने शॉर्ट आउटफिट में कराया हॉट फोटोशूट

बॉलीवुड एक्ट्रेस अलाया एफ ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट से सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा दिया है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर कुछ हॉट तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वे शॉर्ट आउटफिट में नजर आ रही हैं। इस फोटोशूट में अलाया ने सफेद काउच पर किलर पोज दिए हैं, जिससे उनके फैंस काफी प्रभावित हो रहे हैं। तस्वीरों में उनका लाइट मेकअप और खास अंदाज में बंधे हुए बाल उनके लुक को और भी आकर्षक बना रहे हैं। अलाया का यह बोल्ड अंदाज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, और फैंस इन तस्वीरों पर जमकर प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

अभिनेत्री अलाया एफ की तस्वीरें इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रही हैं। एक्ट्रेस आए दिन अपनी बोल्ड और सेंसुअस अदाओं का जलवा इंटरनेट पर बिखेरती रहती हैं। हालांकि एक बार फिर अलाया एफ की लेटेस्ट हॉट फोटोज देख कर फैंस उनके दीवाने हो गए हैं।


एक्ट्रेस अलाया एफ ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान एक बार फिर बेबाकि से कैमरे के सामने अपने हुस्न का जादू चलाया है। उनका मुड़कर पोज देते हुए कैमरे के सामने कातिलाना अंदाज से देखना फैंस के दिलों पर खंजर चला रहा है।

अलाया एफ का यह स्टाइलिश अवतार उनके फैशन सेंस और आत्मविश्वास को दर्शाता है। फैंस ने उनकी तारीफ में लिखा कि उनकी हॉटनेस ने वाकई सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा दिया है। अलाया एफ के वर्कफ्रंट की बात की जाए तो एक्ट्रेस ने सैफ अली खान की फिल्म जवानी जानेमन से बॉलीवुड डेब्यू किया था।



# पैरों को मजबूती देने सहित कई लाभ प्रदान कर सकता है सीढ़ियों में चढ़ना-उतरना

सीढ़ियों से चढ़ना-उतरना एक सरल और प्रभावी एक्सरसाइज है, जो आपके पैरों की मांसपेशियों को मजबूत बनाने में मदद कर सकती है। यह न केवल आपकी सहनशक्ति बढ़ाता है, बल्कि आपके हृदय स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद है। इस लेख में हम सीढ़ियां चढ़ने-उतरने के अलग-अलग पहलुओं पर चर्चा करेंगे और बताएंगे कि कैसे यह एक्सरसाइज आपके फिटनेस रूटीन का अहम हिस्सा बन सकती है।



## सीढ़ियां चढ़ने-उतरने के फायदे

सीढ़ियां चढ़ना-उतरना एक उच्च तीव्रता वाली कार्डियो एक्सरसाइज है, जो आपकी कैलोरी बर्न करने की क्षमता को बढ़ाता है। यह आपके हृदय गति को तेजी से बढ़ाता है, जिससे आपका हृदय और फेफड़े मजबूत होते हैं। इसके अलावा नियमित रूप से सीढ़ियां चढ़ने से आपकी सहनशक्ति भी बेहतर होती है और आप अधिक ऊर्जा महसूस करते हैं। यह एक्सरसाइज आपके पूरे शरीर के लिए फायदेमंद होता है, खासकर जब आप इसे अपने रोजमर्रा के रूटीन में शामिल करते हैं।

## मांसपेशियों की मजबूती

सीढ़ियां चढ़ते समय आपके पैर, जांघें और कूल्हों की मांसपेशियों पर अधिक दबाव पड़ता है। इससे इन मांसपेशियों में खिंचाव होता है और वे मजबूत बनती हैं। खासकर अगर आप वजन लेकर या तेज गति से सीढ़ियां चढ़ते हैं तो इसका असर जल्दी दिखता है।इसके अलावा यह शरीर के निचले हिस्से को भी टोन करता है। नियमित अभ्यास से आपकी मांसपेशियों में लचीलापन भी आता है और चोट लगने का खतरा कम हो जाता है।

## शरीर का संतुलन सुधारने में है कारगर

सीढ़ियां चढ़ते-उतरते समय आपको अपने शरीर का संतुलन बनाए रखना पड़ता है, जिससे आपके शरीर का संतुलन भी बेहतर होता है। यह एक्सरसाइज आपके पैर, जांघ और कूल्हों की मांसपेशियों को मजबूत बनाता है। खासकर बुजुर्गों के लिए यह बहुत फायदेमंद हो सकता है क्योंकि इससे गिरने का खतरा कम हो जाता है और उनकी चाल-ढाल में सुधार होता है। इसके अलावा यह एक्सरसाइज आपके शरीर के निचले हिस्से को टोन करता है और मांसपेशियों में लचीलापन लाता है।

## वजन घटाने में मददगार

अगर आप वजन घटाना चाहते हैं तो सीढ़ियां चढ़ना एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। यह व्यायाम बहुत सारी कैलोरी बर्न करता है और साथ ही आपकी मेटाबॉलिज्म दर को भी बढ़ाता है, जिससे वजन घटाने में मदद मिलती है। इसके अलावा यह आपके शरीर की चर्बी को कम करने में भी सहायक होता है। सीढ़ियां चढ़ने से आपके पैरों की मांसपेशियों में खिंचाव होता है, जिससे वे मजबूत बनती हैं और आपका स्टैमिना भी बढ़ता है।

# समन्वय के साथ करें योजनाओं का जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन - राधेश्याम राठिया

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायगढ़।** लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया ने कहा कि शासन की योजनाएं का क्रियान्वयन जमीनी स्तर पर अच्छे से हो इसके लिए जरूरी है कि विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और योजनाओं के प्रगति की नियमित रूप से समीक्षा करें। सांसद राठिया की अध्यक्षता में शनिवार को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक कलेक्ट्रेट में आयोजित हुई। केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल, कलेक्टर कार्तिकेया गोयल एवं सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव बैठक में उपस्थित रहे।

सांसद राधेश्याम राठिया ने केंद्र द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि दिशा समिति की बैठक का उद्देश्य जिले में योजनाओं के क्रियान्यवन एवं उसके प्रगति का मूल्यांकन करना है। शासन की सभी योजनाएं लोकहितैषी है और उनका प्रभावी क्रियान्वयन करना हमारा दायित्व है। जिससे लोगों को योजनाओं का लाभ मिल सके। सांसद श्री राठिया ने कहा कि जल-जीवन मिशन के माध्यम से घर-घर तक पेयजल पहुंचाने की योजना है। उन्होंने पीएचई को जल-जीवन मिशन के कार्यो में तेजी लाने एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। इसी प्रकार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यो की जानकारी ली। उन्होंने सड़क निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने की बात कही। सांसद श्री राठिया ने पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत स्किल डेवलपमेंट हेतु हितग्राहियों के पंजीयन एवं उनके प्रशिक्षण के बारे में जानकारी ली। सांसद श्री राठिया ने कृषि एवं उद्यानिकी विभाग से कहा कि जिले के कई हिस्से हाथी विचरण क्षेत्र अंतर्गत आते है, यहां किसानों की फसलों को हाथियों की आमद से होने वाले नुकसान का त्वरित फील्ड निरीक्षण करते हुए आंकलन कर उचित मुआवजा दिलवाए, इससे किसानों को राहत होगी। उन्होंने आवास निर्माण के लिए रेत सप्लाई को सुचारू रखने की व्यवस्था के निर्देश दिए। खनिज अधिकारी ने बताया कि इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही है।

बैठक में कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत पेयजल आपूर्ति की योजना के शत-प्रतिशत क्रियान्वयन की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। भूजल के अत्यधिक व अव्यवस्थित दोहन न हो इसका हमें ध्यान रखने की अत्यंत आवश्यकता है। उन्होंने ईई पीएचई को शिकायतों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। स्वास्थ्य व महिला बाल विकास विभाग अंतर्गत गर्भवती महिलाओं व कुपोषित बच्चों की स्वास्थ्य सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। फसल बीमा के तहत किसानों के पंजीयन के साथ उनके क्लेम भुगतान पर भी फोकस करने की बात कही। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के ऐसे रोड जहां भारी वाहनों का आवागमन है उसे भविष्य में पीडब्लयूडी के अंतर्गत लिए जाने हेतु आवश्यक प्रक्रियाओं की तैयारी करने के लिए कहा। उन्होंने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा सभी अनुसूचित बसाहट क्षेत्रों को बुनियादी सुविधाओं से जोडने विशेष अभियान शुरू किया गया है। सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव ने पीएम आवास के तहत निर्माणाधीन व पूर्ण हो चुके आवास के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आवास पूर्णता में जिला प्रदेश में तीसरे क्रम पर है। इसी प्रकार मनरेगा तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के कार्यों को भी तेजी से पूरा किया जा रहा है। आजीविका मिशन के माध्यम से महिलाओं को समूह से जोड़ा जा रहा है एवं आर्थिक सशक्तिकरण के लिए लोन स्वीकृत किए जा रहे है, ताकि महिला समूह आजीविका गतिविधियां बेहतर तरीके से संचालित कर सके। सांसद श्री राठिया ने लैलूंगा क्षेत्र में भी बैंक लिंकेज व लोन प्रदाय से जुड़े कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। सीईओ श्री यादव ने बताया कि कृषि क्षेत्र में उद्यानिकी फसलों के तहत पाम ऑयल की खेती की जा रही है। इसमें सब्सिडी का प्रावधान है, जिसका लाभ किसानों को मिल रहा है। आयुष्मान कार्ड निर्माण की प्रगति की नियमित समीक्षा हो रही है। करीब 88 प्रतिशत हितग्राहियों के कार्ड बनाए जा चुके है। जिसे जल्द शत-प्रतिशत पूरा करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

सांसद श्री राठिया ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, पीएम आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, एनआरएलएम, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, जल जीवन मिशन, पीएम कृषि सिंचाई एवं फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय बागवानी मिशन, पीएमजीएसवाय, पीएम कौशल विकास योजना व पीएम विश्वकर्मा योजना सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की।

# जिले में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य जारी

**गरियाबंद।** जिले में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची को शुद्ध करने तथा पात्र एवं युवा मतदाताओं के पंजीयन के लिए अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 के संदर्भ में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा हैं। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण - 2025 कार्यक्रम के अंतर्गत 29 अक्टूबर 2024 को जिला गरियाबंद अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 54 राजिम के 274 मतदान केन्द्रों तथा 55 - बिन्द्रानवागढ़ के 300 मतदान केन्द्रों में मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया जा चुका हैं । उक्त कार्यक्रम के तहत 28 नवम्बर 2024 तक मतदान केन्द्रों में दावा - आपत्ति प्राप्त किये जाएंगे। इस दौरान मतदान केन्द्रों में अभिहित अधिकारी कार्यालयीन समय में उपस्थित रहेंगे जिनके पास आवेदन जमा किये जा सकते हैं। मतदाता सूची में नाम, जोड़ने, हटाने एवं संशोधन के लिए विशेष शिविरों का भी आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य किया जा रहा है। इसी तारतम्य में आज विशेष शिविर का आयोजन किया गया। मतदान केंद्रों में लगाए गए विशेष शिविर में मतदाता सूची से संबंधित नाम जोड़ने एवं संशोधन का कार्य किया गया। अभियान के तहत 10, 16 एवं 17 नवम्बर 2024 को भी सभी मतदान केन्द्रों में विशेष शिविर का आयोजन किया जायेगा।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दीपक कुमार अग्रवाल के द्वारा जिले के सभी नागरिकों से अपील की गई है, कि ऐसे नागरिक जिनकी आयु 01 जनवरी 2025 की स्थिति में 18 वर्ष पूर्ण हो रही हो तथा जिनका नाम पूर्व में मतदाता सूची में शामिल न हो पाया हो, वे सभी संबंधित मतदान केन्द्र में फार्म - 6 जमा कर मतदाता सूची में नाम अवश्य जुड़वाएं। इसके अतिरिक्त भारत निर्वाचन आयोग के वेब साईट पर सीधे ऑनलाईन आवेदन भी किया जा सकता हैं।

सभी मतदाताओं से यह अपील की जाती हैं कि वे इस दौरान मतदाता सूची में अपना नाम देखें। यदि उसमें कोई सुधार करवाना हो तो जरूरी फॉर्म भरकर संशोधन करवाएं।

# जिले के तीरंदाजी खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में दिखाएंगे अपनी प्रतिभा

श्रीकंचनपथ न्यूज

जशपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए सार्थक पहल कर रहे है मुख्यमंत्री ने सभी खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं दी हैं। कलेक्टर रोहित व्यास ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए राज्य का नाम रोशन करने के लिए बधाई दी।




जशपुर जिले में जिला प्रशासन के अंतर्गत संचालित तीरंदाजी केंद्र के खिलाड़ियों ने विगत दिवस 24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा तीरंदाजी प्रतियोगिता 6 से 9 अक्टूबर 24 तक रायपुर में आयोजित हुआ था जिसमें प्रदेश भर के पांचों संभागों से लगभग 350 से भी ज्यादा तीरंदाज शामिल हुए जिसमें जिला प्रशासन के तीरंदाजी केन्द्र एवं एकलव्य खेल अकादमी जशपुर के 6 तीरंदाजी खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था जिसमें तीरंदाजी केन्द्र एवं एकलव्य खेल अकादमी जशपुर के विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा खिलाड़ी मनोज राम ने अंडर 17 कम्पाउन्ड राउण्ड में तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक हासिल कर राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता के लिए चयनित इसी प्रकार खिलाड़ी आकाश राम ने अंडर 14 कम्पाउन्ड राउण्ड में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक हासिल कर राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए दोनों खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे ।अंडर 17 राष्ट्रीय स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता 11 से 12 नवंबर 2024 तक गुजरात के नाडियाड में आयोजित होगा जिसके लिए चयनित टीम 09 नवंबर 2024 को रायपुर से गुजरात के लिए रवाना होगी। अंडर 14 राष्ट्रीय स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता 19 दिसंबर 2024 से 20 दिसंबर 2024 तक गुजरात के नाडियाड में आयोजित होगी जिसके लिए चयनित टीम 17 दिसम्बर 24 को रायपुर से रवाना होगी।

# खेलों के माध्यम से बस्तर के युवाओं को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के प्रयास

## मानसिक,शारीरिक विकास के लिए खेल एक माध्यम - किरण देव

**जगदलपुर।** सीएम विष्णु देव साय की पहल पर बस्तर ओलंपिक 2024 का आयोजन किया जा रहा है। जिसके माध्यम से बस्तर क्षेत्र के युवाओं को खेलों के माध्यम से विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास है।इसमें नक्सल हिंसा में दिव्यांग व्यक्तियों और आत्मसमर्पित नक्सलियों को विशेष प्रोत्साहित किया जा रहा है।बस्तर क्षेत्र के 1 लाख 65 हजार से अधिक लोगों ने बस्तर ओलंपिक में भाग लेने के लिए पंजीयन करवाया है। इस ओलंपिक में ब्लाक,जिला और संभाग स्तर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना है। इसी तारतम्य में विकासखंड में जोन स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जगदलपुर ब्लाक में विधायक किरण देव द्वारा बस्तर ओलंपिक का शुभारंभ किया गया। उन्होंने फुटबॉल के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें शुभकामनाएं दी और फुटबॉल को किक मारकर गोल करते हुए प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि बस्तर के युवाओं में कई विधाओं में प्रतिभा कूट-कूट कर भरा है। खेल एक माध्यम है जो व्यक्ति के मानसिक, शारीरिक विकास के साथ-साथ नाम कमाने और रोजगार के अवसर देता है। बस्तर ओलंपिक तीन स्तरीय प्रतियोगिता है। इस दौरान विधायक ने प्रतियोगिता में जगदलपुर और आडावाल के मध्य फुटबॉल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। विधायक ने प्रोत्साहन स्वरूप राशि भी छात्राओं को दिए।विधायक ने प्रतियोगिता स्थल पर मेडिकल सुविधा और भोजन व्यवस्था का भी अवलोकन किया और स्वयं ने भी खिलाड़ियों के साथ दोपहर का भोजन किया। उन्होंने चार दिनों तक चलने वाली प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश आयोजको को दिए। इस अवसर पर एसडीएम भरत कौशिक, खेल अधिकारी राजेंद्र डेकाटे, जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल, जनपद सीईओ अमित भाटिया,एवं अधिकारी-शिक्षक और खिलाड़ी,खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# डॉ.खूबचंद बघेल कृषि रत्न पुरस्कार से सम्मानित हुए किसान खेमराज पटेल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** विपरीत परिस्थितियों में भी हार नहीं मानने वाले और खेती में आधुनिक सोच तथा रिस्क लेने की प्रवृति ने किसान खेमराज पटेल को कृषि क्षेत्र में डॉ.खूबचंद बघेल कृषि रत्न पुरस्कार दिलाया। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के गोमर्डा अभ्यारण्य अंतर्गत ग्राम गंधराचुंआ नवाडीह के 73 वर्ष के खेमराज पटेल की खेती के प्रति जूनून आज भी देखते बनती है। इनकी खेती के प्रति वैज्ञानिक सोच ही इन्हे कृषि क्षेत्र में भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ राज्यपाल रामेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णूदेव साय, पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिह के द्वारा 6 नवम्बर को राज्य उत्सव के दौरान रायपुर पर कृषि क्षेत्र में डा. खूबचंद बघेल कृषि रत्न दिया गया। पुरूस्कार मिलने से अपने गांव की माटी से सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले को गौरवान्वित करने से क्षेत्र में खुशी का आलम है। महज 900 जनसंख्या वाले गंधराचुंआ नावाडीह गांव वाले इस गांव खेमराज का जन्म 1 नवम्बर 1951 में हुआ था। 8 वीं तक पढ़ाई करने के बाद परिवार वालों के साथ खेत जाते थे। पर पिता को अचानक किटनी में प्राब्लम आने के बाद खेती का सारा भार इनके ऊपर आ गया ।1970 से इन्होने अपने बलबुते धान की खेती शुरू कर दी। जमीन कम होने एवं कृषि संधाधन की कमी होने के वाबजूद खेती में जी तोड़ मेहनत करने लगे। उस दौरान ये मोखरा, भादो,काकर, मासुरी, दुबराज नस्ल की धान की खेती से शुरूवात की। उत्पादन भी महज 12 से 15 क्विंटल होता था। जो भी कमाई होती पिता के बिमारी एवं घर खर्च में खत्म हो जाता था। पर इन्होने हिम्मत नही हारी 1990 में बैंक से कर्ज लेकर एरिया एवं गांव में प्रथम टीवबेल खुदाई कराकर एवं 1993 में ट्रेक्टर खरीदकर धान के साथ-साथ सफरी नस्ल धान की शुरूवात की इसमें उत्पादन भी 20 क्विंटल आने लगा। वहीं रवि फसल में धान के अलावा उड़द, मुंग, सरसो की खेती होने लगी। 2001 में गेंहु का अतिरिक्त फसल लेने लगे। इससे खेती में संपन्नता आने लगी। 2011 में 25 लाख का कृषि यंत्र खरीद कर आधुनिक खेती शुरूवात करने के बाद खेती से घर में संपन्नता आने लगी। आज ये धान, सब्जी खेती के अलावा बकरी पालन से मछली पालन से भी अच्छी आमदनी कमा रहे हैं।

# शासकीय अस्पतालों को लेकर लोगों में विश्वास को करें और अधिक मजबूत : कलेक्टर

## शत प्रतिशत रूप में बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के दिशा में करें कार्य

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस जयवर्धन ने आज स्वास्थ्य विभाग के मासिक समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने जिले में प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवा के अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए विभिन्न बीमारियों के रोकथाम, उपचार एवं उन्मूलन को लेकर चलाई जा रही योजनाओं की समीक्षा की। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों, डॉक्टरों एवं स्वास्थ्य कर्मियों से स्वास्थ्य सुविधा को बेहतर करने के लिए विस्तृत चर्चा की। कलेक्टर ने मरीजों का चिकित्सकों और चिकित्सालयों में विश्वास को चिकित्सा सेवा के लिए बेहद महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि शासकीय अस्पतालों को लेकर लोगों में विश्वास को और अधिक मजबूत करें ताकि मरीज और अधिक विश्वास के साथ शासकीय अस्पतालों में अपना इलाज कराने आएं।

उन्होंने स्वास्थ्य केंद्रों में सभी आवश्यकताओं की पूर्ति एवं साफसफाई के निर्देश दिए। इस बैठक में सीएमएचओ श्री के डी पैकरा, सिविल सर्जन डॉ. अजय मरकाम, डीपीएम डॉ. प्रिंस जायसवाल, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर्स व अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर श्री जयवर्धन ने पीएम नेशनल डायलिसिस कार्यक्रम, डेंगू, मलेरिया जैसे वेक्टर जनित रोग, टीबी मरीजों की पहचान एवं उपचार एवं इसके प्रति जागरूकता, सैंपल कलेक्शन, एन सी डी स्क्रीनिंग, लेप्रोसी उन्मूलन, मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त की एवं आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने आयुष्मान कार्ड निर्माण, आधार अपडेशन, कार्ड ब्लॉकिंग की स्थिति, हाट बाजार क्लीनिक योजना क्रियान्वयन, एएनसी पंजीयन की जानकारी ली।

बैठक में कलेक्टर ने मानसिक स्वास्थ्य पर चर्चा कर पागलपन और आत्महत्या के प्रकरणों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने इस पर प्राथमिकता से कार्य करने की बात कही। उन्होंने कहा कि विकसित समाज के लिए मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होना अति आवश्यक है। इसलिये उन्होंने उपस्थित संबंधितों को माइक्रो लेवल में प्लान बनाकर मासिक जानकारी में प्रगति लाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने एन जी ओ के साथ समन्वय कर, योगा , मेडिटेशन और युवाओं को विभिन्न गतिविधियों में शामिल करने जैसे कार्य कर इस दिशा में प्रयास करने के लिए कहा। साथ ही उन्होंने इस दिशा में बेहतर कार्य करने वालों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिले के समस्त पात्र नागरिकों का शत प्रतिशत रूप में आयुष्मान हेल्थ कार्ड बनाने की बात कही गई। इसके अलावा उन्होंने चिरायु योजना की समीक्षा करते हुए सभी स्कूलों में बच्चों के स्वास्थ्य जांच की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सिकल सेल स्क्रीनिंग भी शत प्रतिशत करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी स्कूल, छात्रावासों और आंगनबाडियों के बच्चों का शतप्रतिशत रूप में आयुष्मान और आधार कार्ड बनाने के निर्देश दिए। इसके लिए उनके पालकों से भी समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पारा मोहल्ले में एक ही प्रकार के मामले आने पर चिकित्सको को विशेष रूप से ध्यान देने के लिए कहा।

कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्रों मे हो रहे प्रसव के आकड़ों पर जानकारी लेते हुए उपलब्ध सुविधाओ का प्रभावी क्रियान्वयन करने के निर्देश दिये गये। उन्होंने महिलाओं का ए. एन. सी. पंजीकरण और एनीमिया मामलों की जानकारी ली। उन्होंने प्रथम तिमाही में गर्भवती महिलाओं का शत प्रतिशत पंजीयन करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने संस्थागत प्रसव शत प्रतिशत करने एवं प्रसव पश्चात बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए विशेष रूप से कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही लोगों के बेहतर आर्थिक परिस्थिति एवं बेहतर स्वास्थ्य के लिए परिवार नियोजन को महत्वपूर्ण बताते हुए इसके लिए नियमित रूप से काउन्सलिंग करवाने के निर्देश दिए।

# मुख्यमंत्री के सुशासन में रोशन हो रहा जशपुर

**जशपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के सुशासन में जशपुर जिले में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं। चौक चौराहों को सोलर लाइट से रौशन किया जा रहा है। जिसमें कुनकुरी नगर पंचायत के छठ घाट में विभाग द्वारा आठ नग सोलर लाइट लगाया गया है जिससे घाट को रौनक़ बढ़ गई है। पुरानी बस्ती, कुनकुरी के श्री राज गुप्ता ने बताया कि पहले यहाँ शाम को असमाजिक तत्व? लोगों का जमावड़ा रहता था। लोग आने से घबराते थे। साफ़-सफ़ई भी नहीं था। अब हमारे मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के शासन काल में इसे सुंदर बनाया जा रहा है। चारो तरफ़ सोलर लाइट लगाने से यह घाट अच्छा बन गया है। तुलसी नायक लंबे समय से यहाँ टहलने आते हैं। उन्होंने इस कार्य के लिए विभाग की प्रसंसा की। बताया कि यह घाट पहले से बहुत अच्छा हो गया है। श्रीमती अनिता देवी ने बताया कि अब लाइट लगने से राहत मिली। अब हम किसी भी समय टहलने जा सकते हैं। साथ ही ज़हरीले जीव से भी राहत मिलेगा। इसी क्रम में लोरो घाट में भी विभाग द्वारा घाट के टर्निंग पॉइंट में तीन हाई सोलर मास्क लगाया गया है। जिसे लेकर लोरो धाम मंदिर के पुजारी ने श्री राजीव मिश्रा ने बताया कि लाइट लगने से दुर्घटना मे कमी आई है। अब नागरिक सुरक्षित घाट पार कर रहे है। साथ ही घाट में रोशनी होने से वाहन चालकों को भी राहत मिलेगी। निलेश श्रीवास्तव, सहायक अभियन्ता क्रेडा विभाग ने बताया कि जिले में 285 सोलर हाई मास्क लाइट लगा है।

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM
Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics
Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर

### बस्तर फाइटर के जवान ने की खुदकुशी, खुद की पिस्टल से मार ली गोली, जांच में जुटी पुलिस



**कोंडागांव।** छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले में बस्तर फाइटर के जवान ने खुदकुशी कर ली है। शनिवार देर रात उसने अपने बेड पर खुद अपनी पिस्टल से गोली मार ली। मृतक जवान का नाम हरिलाल नाग बताया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। घटना उरन्दाबेड़ा थाना क्षेत्र के फरसगांव ब्लॉक के बारदा गांव की है। जिले के एसपी वाय अक्षय कुमार ने घटना की पुष्टि की है।

मिली जानकारी के अनुसार कोंडागांव के बारदा का रहने वाला जवान हरीलाल नाग बस्तर फाइटर्स में पदस्थ था। उनकी पोस्टिंग धनोरा थाने में थी। नक्सल गतिविधियों की सूचना लेने वह अपने गांव आया हुआ था। इसी दौरान उन्होंने देर रात सोते समय खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद मौके पर पहुंची उरन्दाबेड़ा थाना पुलिस मौके से पिस्टल और मोबाइल बरामद किया। घटना की सूचना पर फरसगांव एसडीओपी अनिल विश्वकर्मा और केशकाल एसडीओपी भूपत सिंह को दी गई है। जवान ने आत्महत्या क्यों की इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।



### गोवंश का कटा सिर मिलने से सनसनी, हिन्दी वादी संगठनों ने दर्ज कराई शिकायत

**दुर्ग।** सिटी कोतवाली दुर्ग क्षेत्र में गोवंश का कटा सिर मिलने से सनसनी मच गई है। घटना गिरधारी नगर की बताई जा रही है। यहां पानी टंकी के पास गाय के बछड़े का कटा हुआ सिर मिला। घटना की जानकारी मिलने के बद हिन्दूवादी संगठनों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने बछड़े का सिर कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार रविवार देर शाम से गिरधारी नगर पानी टंकी के पास से लगातार बदबू आ रही थी। इसके बाद कुछ लोगों को आशंका हुई तो गली के पास जाकर देखा। वहां गोवंश का कटा हुआ सर पढ़ा हुआ था जिसके बाद हिंदूवादी संगठनों ने तत्काल वहां पहुंचकर पुलिस को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोवंश के सर को अपने कब्जे में ले लिया है। सिटी कोतवाली पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# एनकाउंटर के बाद भी खत्म नहीं हुआ अमित जोश का केस, एसपी ने कहा- मदद करने वाले होंगे गिरफ्तार

## मीडिया से चर्चा के दौरान एसपी ने बताई एनकाउंटर की पूरी कहानी, गुंडा बदमाशों को दी नसीहत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। ग्लोब चौक सेक्टर-10 के पास बिना वजह दो युवकों पर गोली चलाने वाले अमित जोश को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया है। शुक्रवार शाम को जयंती स्टेडियम के पास पुलिस से मुठभेड़ में उसकी मौत हो गई है। शनिवार को दुर्ग एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने पुलिस कंट्रोल रूम सेक्टर-6 में प्रेसवार्ता लेकर मीडिया के साथ एनकाउंटर से जुड़ी सारी बातें शेयर की। इस दौरान उन्होंने कहा कि अमित जोश के एनकाउंटर के साथ यह केस खत्म नहीं हुआ है। अभी इसमें कई और गिरफ्तारियां बाकी है।**

एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने बताया कि 25 व 26 जून को दो इनोसेंट लोगों को गोली मारकर अमित जोश फरार हुआ था। इसके बाद इसके बाद दुर्ग पुलिस ने ताबड़तोड़ कारवाई कर अमित जोश के करीबियों के साथ उसकी मां, जीजा लक्की जॉर्ज व बहन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। यही नहीं अमित जोश के कब्जे वाले बीएसपी आवासों को खाली कराया गया। इसके बाद अमित जोश पुलिस की गिरफ्त से बाहर था। एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने अमित जोश की तलाश में अलग अलग टीमों को लगा रखा था।



### साथ देने वाले सभी लोगों पर पुलिस करेगी कार्रवाई

एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने कहा कि फरारी के दौरान अमित जोश का साथ देने वाले सभी लोगों पर पुलिस अब कार्रवाई करेगी। अमित जोश के एनकाउंटर के साथ यह केस खत्म हो गया है ऐसा मानना गलत है। एसपी शुक्ला ने कहा कि पिछले चार माह से अमित जोश अलग अलग जगह छिपकर पुलिस से बच रहा था। संभव है इस बीच उसकी मदद करने वाले भी रहे होंगे जिन्होंने छिपने में उसकी मदद की है। पुलिस अब अमित जोश की मदद करने वालों का पता लगाएगी और उन पर भी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### 35 से ज्यादा अपराध दर्ज थे आरोपी अमित जोश पर

अमित जोश के खिलाफजिले में 35 से अधिक अपराध दर्ज थे। अमित जोश 14 साल की उम्र से ही अपराध की दुनिया में आ गया था। अमित जोश पर मारपीट, गुंडागर्दी, हत्या, पिस्टल से फायर जैसे गंभीर मामले दर्ज है। गोली कांड के बाद से फरार अमित जोश पर पुलिस ने 40 हजार इनाम की घोषणा भी की थी। दुर्ग एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने बताया कि गोलीकांड के बाद अमित जोश की लगातार पतासाजी की जा रही थी। एसपी शुक्ला ने बताया कि पुलिस अमित जोश को जिंदा पकड़ना चाहती थी इसलिए हमारी टीम ने उसे चेतावनी दी इसके बाद भी वह नहीं माना। इसके बाद पुलिस ने अमित जोश को ढेर कर दिया। एसपी ने बताया कि इनाम की राशि को एनकाउंटर में शामिल पूरी टीम को दी जाएगी।

### जानिए क्या था पूरा मामला

आपको बताते चलें कि चार माह पहले विश्रामपुर निवासी रमनदीप सिंह अपने दोस्त सुनील यादव और आदित्य सिंह से मिलने भिलाई आया था। सुनील यादव टेलीकॉम कंपनी का कर्मचारी है। आदित्य सिंह उड़ान अकादमी में पीएससी की तैयारी कर रहा है। रमनदीप के आने की खुशी में तीनों ने पार्टी की। 25 व 26 जून की दरमियानी रात सभी बाइक से घूमने निकले थे। इसी दिन हिस्ट्रीशीटर अमित जोश का एनवर्सरी थी। देर रात 1-2 बजे के बीच पार्टी करने के बाद जोश और उसका एक साथी बाइक से घूमने निकले थे, जैसे ही ग्लोब चौक के आगे पहुंचे उन्हें रमनदीप सिंह, सुनील यादव और आदित्य सिंह दिखे। सभी नशे में थे और गाली-गलौज करने को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि, अमित जोश ने तीनों लड़कों पर तीन राउंड फायरिंग कर दी। इस हमले में सुनील यादव और आदित्य सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए।

### भिलाई में आने की सूचना मिली थी

एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने बताया कि अमित जोश के दुर्ग-भिलाई क्षेत्र में लुक छिप कर रहने की सूचना प्राप्त हो रही थी। जिसे देखते हुये 7 व 8 नवंबर को होटल, लॉज, ढाबा, रेल्वे स्टेशन की चेकिंग एवं नाकेबंदी के लिए सभी थाना चौकी को निर्देशित किया गया था। एसीसीयू की भी टीम को लगाया गया था। 8 नवंबर की शाम को सर्चिंग कर रही पुलिस टीम को अमित जोश जयंती स्टेडियम के पास दिखा। पुलिस को देखकर अमित जोश जयंती स्टेडियम के पास स्थित जंगल झाड़ियों की ओर भागने लगा। पुलिस की टीम ने वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल इसकी सूचना दी।उप पुलिस अधीक्षक काईम हेम प्रकाश नायक एसीसीयू की टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस गाड़ी को देखकर अमित जोश ने पुलिस के वाहन पर गोली चला दी। पुलिस व्दारा आत्मरक्षार्थ गोली चलाई गयी, जिससे मुठभेड़ में फरार आरोपी अमित जोश की मौत हो गयी। पुलिस व्दारा घटना में अपराध एवं मर्ग कायम कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# अपहरण व हत्या का फरार आरोपी गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**गौरेला।** गौरेला पेंड्रा मरवाही पुलिस ने बोलेरो बुकिंग का झांसा देकर ड्राइवर नंदू का अपहरण और हत्या कर फरार आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी को मध्यप्रदेश के उमरिया से पकड़ा है। पुलिस इस मामले में पहले भी आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।

पूरा मामला माह सितंबर वर्ष 2022 का है। थाना गोरेला क्षेत्र के नंदू नाम के व्यक्ति का अपहरण और उसके बाद हत्या का मामला दर्ज हुआ था। थाना मनेद्रगढ़ निवासी रमाशंकर सोनी और उसके साथियों ने योजनाबद्ध तरीके से बोलेरो बुकिंग करने के नाम से गोरेला क्षेत्र के युवक नंदू का अपहरण कर हत्या की घटना को अंजाम दिया था। इसके बाद में अपने अन्य साथियों की मदद से बोलेरो को फर्जी तरीके से विक्रय कर दिया गया था। मामले में मुख्य आरोपी रमाशंकर सोनी और अन्य को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था।




वर्ष 2022 से अब तक एक आरोपी हेमराज सिंह लगातार फरार चल रहा था, जिसकी पुलिस लगातार पतासाजी कर रही थी। मामले में जिले की पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के द्वारा इनाम घोषित कर पुराने मामलों में फरार आरोपियों की धरपकड़ हेतु निर्देश जारी किए गए थे। इस मामले में जीपीएम साइबर सेल की टीम ने फरार आरोपी हेमराज सिंह को मध्यप्रदेश के उमरिया से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस मामले में अब आगे की कार्यवाही में जुट गई है।

# बाजार में शातिर ने जेब से चुरा लिया मोबाइल, फोन पे से ट्रांसफर कर लिए हजारों रुपए, आरोपी गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**गौरेला।** गौरेला बाजार में जेब से मोबाइल चोरी कर फोनपे से 75,000 रुपये निकालने वाले जेबकतरा को पुलिस की साइबर सेल टीम ने मध्यप्रदेश से गिरफ्तार किया है। पुलिस मामले की कार्रवाई में जुटी है।



मामला बीते 29 सितंबर का है। रेलवे स्टेशन पेंड्रा रोड के बाहर बाजार से सब्जी लेकर आते समय पेंड्रा के अड़भार गांव के रहने वाले महेश सिंह का मोबाइल जेब से अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया। इसके बाद फोनपे के वॉलेट से 75,000 हजार रुपए ट्रांसफर कर लिए। पीड़ित को जब मामले की जानकारी लगी तो उसने मामले की सूचना पुलिस को दी।

गौरेला थाना पुलिस ने मामले में अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध धारा 303(2), 318(4) के तहत अपराध दर्ज कर लिया और मामले में पुलिस अधिकारियो ने साइबर सेल की टीम जेबकतरों के गिरोह पर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। जिसके तारतम्य में साइबर सेल की टीम ने कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए गणेश सोनी निवासी रेलवे कॉलोनी अमलाई शहडोल मध्यप्रदेश को डिवाइस सहित हिरासत में लिया है।

# इंस्टा पर लाइव बना रहे थे हत्या का प्लान, दुर्ग एसपी के पास पहुंचा वीडियो, फिर बदमाशों का हुआ ऐसा हाल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** इंस्टा पर लाइव चैटिंग के जरिए हत्या की प्लानिंग करना बदमाशों को भारी पड़ गया। इंस्टा में लाइव चैटिंग के जरिए बदमाश भिलाई के कैंप क्षेत्र में किसी व्यक्ति की हत्या का प्लान बना रहे थे। यह वीडिया दुर्ग एसपी जितेन्द्र शुक्ला के पास पहुंचा और इसके बाद छावनी पुलिस ने कार्रवाई की। इस मामले में तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर पुलिस ने उनकी जमकर खबर ली। इस दौरान पुलिस ने उनका जुलूस भी निकाला।

दरअसल दो दिन पहले एसपी जितेन्द्र शुक्ला के पास एक वीडियो आया। जैसे ही वीडियो मिला पुलिस अलर्ट हुई और छावनी सीएसपी हरीश पाटिल और छावनी प्रभारी चेतन चंद्राकर को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया। इस वीडियो में भिलाई के दो आरोपी और अम्लेश्वर के कोपेडीह के बताए जा रहे हैं। छठ के दिन भिलाई पावर हाउस पहुंच रहे हैं। छठ पूजा से पहले ही कैंप एक 18 नंबर रोड निवासी किसी लक्की शर्मा नाम के युवक की हत्या की बात कर रहे थे।



वीडियो के आधार पर युवकों को पहचान के लिए छावनी पुलिस ने अमलेश्वर पुलिस से संपर्क किया गया। इसके बाद पुलिस ने खुर्सीपार के शिवाजी नगर चंद्रमा चौक में रहने वाले बॉबी सिंह को हिरासत में लिया। पूछताछ में बॉबी सिंह ने पुलिस को बताया कि अमलेश्वर निवासी संदीप शर्मा ने हत्या की प्लानिंग की है। इसके बाद अमलेश्वर थाना क्षेत्र के कोपेडीह शिव वाटिका फेस-1 निवासी संदीप शर्मा और मनीष दास मानिकपुरी गिरफ्तार किया। वहीं वीडियो में दिख रहा एक अन्य आरोपी फरार हैं।

### आरोपी ने बताया कर रहे थे हत्या की प्लानिंग

छावनी पुलिस के अनुसार आरोपी संदीप शर्मा ने माना है कि उन लोगों ने कैंप एक 18 नंबर रोड निवासी लक्की शर्मा की हत्या का प्लान बनाया। संदीप शर्मा ने बताया कि उसकी पत्नी को लक्की शर्मा अपने पास पत्नी बनाकर रखा हुआ और दोनों ने आपस में शादी कर ली है। आरोपी संदीप को उसकी पत्नी ने छोड़ दिया इसके कारण वह लक्की शर्मा से रंजिश रख रहा था। उसकी हत्या करने की प्लानिंग की हत्या के लिए उसने अपराधिक घटनाएं मंर शामिल कर उसकी हत्या करने की साजिश रची। पुलिस ने इस मामले में संदीप शर्मा, मनीष दास मानिकपुरी और बॉबी सिंह को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

# मुठभेड़ में मारा गया आठ लाख का इनामी नक्सली, दो की नहीं हुई पहचान, एनकांउटर में मारे गए थे तीन माओवादी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बीजापुर।** बीजापुर में शुक्रवार को बासागुड़ा थाना क्षेत्र के रेखापल्ली के जंगलों में सुरक्षाबलों के जवानों ने जिन तीन वर्दीधारी नक्सलियों को मार गिराया था उनमें से एक नक्सली की पहचान आठ लाख के इनामी पीएलजीए प्लाटून नम्बर 10 का कमाण्डर डीव्हीसी जोगा माड़वी के रूप में हुई है। वहीं दो अन्य मारे गये नक्सलियों की पहचान होना बाकी है।

शनिवार को बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर जिले के उसूर, पामेड़, बासागुड़ा व तर्रेम क्षेत्र में एसटीएफ, डीआरजी, कोबरा व सीआरपीएफ की संयुक्त टीम अभियान पर निकली थी। इसी बीच बासागुड़ा थाना क्षेत्र के रेखापल्ली व कोमठपल्ली के घने जंगलों में शुक्रवार की सुबह 11 बजे के करीब जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई।



मुठभेड़ थमने के बाद सर्चिंग में जवानों ने तीन वर्दीधारी नक्सलियों के शव और हथियार बरामद किया। आईजी ने बताया मारे गये नक्सलियों में एक की पहचान पीएलजीए प्लाटून नम्बर 10 का कमाण्डर डीव्हीसी मेम्बर जोगा माड़वी पिता भीमा कोलईगुडा थाना भेज्जी के रूप में शिनाख्त हुई है। इस पर आठ लाख रुपये का इनाम घोषित है। जबकि मारे गए अन्य दो नक्सलियों की पहचान अभी नहीं हो पाई है।

आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि प्रतिबंधित और गैर कानूनी सीपीआई माओवादी संगठन के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के उद्देश्य से स्थानीय फोर्स द्वारा आपसी और बेहतर तालमेल व रणनीति के साथ काम करने के परिणाम स्वरूप वर्ष वर्ष 2024 में बस्तर संभाग अंतर्गत की जा रही नक्सल विरोधी अभियान के दौरान अब तक 67 महिला नक्सली सहित कुल 192 नक्सलियों के शव बरामद किये गए हैं। वहीं 782 गिरफ्तार व 783 नक्सलियों द्वारा आत्मसमर्पण किया गया है। वर्ष 2024 में बस्तर रेंज ते तहत हुई विभिन्न मुठभेड़ में एक जनवरी 2024 से नौ नवम्बर 2024 तक तीन नग एलएमजी रायफल, 8 नग इंसास रायफल, 13 नग 303 रायफल, 4 नग कार्बाइन, 10 नग 9 एमएम पिस्टल, 22 नग बीजीएल, 167 नग अन्य हथियार सहित कुल 246 हथियार बरामद किए गए हैं।

# मजदूरों से भरी पिकअप पलटी, हादसे में तीन की मौत, कई लोगों की हालत गंभीर

## जगदलपुर के बकावंड ब्लॉक की घटना, जांच में जुटी पुलिस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जगदलपुर।** जगदलपुर के बकावंड ब्लॉक में शनिवार की शाम को मजदुरों से भरी पिकअप पलट गई। इस घटना में तीन मजदुरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कुछ लोग घायल हो गए। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को बेहतर उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

बकावंड ब्लॉक के पंडानार स्थित रोहित चावडा कृषि फार्म में काम करने के लिए ओड़िसा से मज़दूरों को बुलाया गया था, जहाँ शनिवार को काम करने के बाद सभी मजदूरों को छोड़ने पिकअप जा रहा था। मजदूरों को ले जाते समय पिकअप पलट गई और हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई।

लोगों ने बताया कि रोजाना इसी तरह कृषि फार्म में काम करने के लिए पड़ोसी राज्य ओड़िशा से दर्जनों मजदूरों को पिकअप में लाया जाता है और काम खत्म होने के बाद उसी पिकअप से घर भेज दिया जाता है। सूत्रों की माने तो इन मजदूरों में नाबालिग भी शामिल रहते हैं, पिकअप सवार प्रायः सभी मजदूर घायल हो गए। घायलों को तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान तीन मजदूरों की मौत हो गई, अभी भी कई घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेश्वर नाग ने बताया कि तीन की मौत हुई है, मरने वाले सभी ओड़िसा के है, घायलों को मेकाज भी भेजा गया है।



दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RAKESH SINGH
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
पुष्पांजलि स्वीट्स के बाजू में, कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई

भिलाई की सबसे बड़ी
चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
V.I.P happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

# पीएमश्री स्कूल में गढ़ा जा रहा है छत्तीसगढ़ का स्वर्णिम भविष्य बच्चों की मुस्कान कर रही है खुशनुमा माहौल का बयान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में राज्य में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने तथा स्कूली बच्चों के समग्र विकास के प्रयास तेजी से किए जा रहे हैं। राज्य में पीएमश्री योजना के सफल क्रियान्वयन से राज्य के 341 स्कूलों में शिक्षा और अध्ययन-अध्यापन का माहौल बेहतर हो रहा है। पीएमश्री योजना में शामिल राजनांदगांव जिले के 11 स्कूलों का न सिर्फ कायाकल्प हुआ है, बल्कि वहां अध्ययन-अध्यापन को लेकर बेहतर माहौल बना है।**





प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई पीएमश्री योजना अंतर्गत स्कूली बच्चों के भविष्य को गढने एवं तराशने का कार्य किया जा रहा है। पीएमश्री योजना में शामिल राजनांदगांव जिले की डुन्डेरा शासकीय प्राथमिक शाला, इस योजना की सफलता की एक बानगी मात्र है। पीएमश्री योजना के माध्यम से इस शाला के कायाकल्प को देखकर ही सुखद अनुभूति होती है। इसका एहसास यहां के स्कूली बच्चों के चेहरे पर आई मुस्कान को देखकर सहज ही होता है।

## गुणवत्ता के साथ पौस्टिक आहार

पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला डुन्डेरा में पढ़ने वाले बच्चों की मुस्कान स्कूल के खुशनुमा माहौल को बयान करती है। सर्वसुविधायुक्त स्कूल की परिकल्पना प्राथमिक शाला डुंडेरा में सार्थक हुई है, जहां न केवल बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता पर ध्यान दिया जा रहा है बल्कि बच्चों को पीएमश्री पौष्टिक आहार भी दिया जा रहा है। पीएम श्री योजना के तहत लगभग 4 लाख 15 हजार रूपए की राशि से पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला डुन्डेरा का कायाकल्प किया गया है। इस स्कूल को ग्रीन स्कूल की तर्ज पर विकसित किया गया है। स्वच्छ और हरे-भरे वातावरण के लिए स्कूल परिसर में पौधे रोपित किए गए हैं। स्कूल के फर्श पर सुन्दर टाइल्स लगाए गये है। दीवारों पर ज्ञानवर्धक खूबसूरत पेटिंग बनाई गई हैं।

## साफ पानी के लिए वाटर फिल्टर

पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला डुन्डेरा में बच्चों के लिए संगीत, विभिन्न खेल गतिविधियां तथा व्यक्तित्व विकास हेतु अन्य गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। बच्चों के लिए स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता के लिए वाटर फिल्टर लगाया गया है। बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण भी समय-समय पर कराया जाता है। स्कूल में 109 बच्चे अध्ययनरत है। यहां स्मार्ट क्लास, खेल मैदान, म्यूजिक क्लास रूम, मध्यान्ह भोजन की सुविधा है।

## स्कूल में पीएमश्री मुस्कान पुस्तकालय

स्कूल में पीएमश्री मुस्कान पुस्तकालय भी है, जहां दीवारों में उकेरी गई पेंटिग तथा प्रेरक पंक्तियां बच्चों को पाठ्य पुस्तकों को पढने के लिए प्रेरित करती हैं। लाईब्रेरी में मिसाईल मैन एवं देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की पंक्तियां एक अच्छी पुस्तक हजार दोस्तों के बराबर होती है, जबकि एक अच्छा दोस्त एक लाईब्रेरी के बराबर होता है, जैसी प्रेरणादायक पंक्तियां लिखी हुई है। स्कूल में बच्चों के लिए पर्याप्त खेल सामग्री एवं म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट उपलब्ध है। सोमवार से शनिवार तक दोपहर 1 बजे भोजन दिया जाता है, साथ ही बच्चों को खेल सामग्री भी प्रदान की जाती है। उल्लेखनीय है कि जिले में कुल 11 पीएमश्री स्कूल हैं, जहां बच्चों के सर्वागीण विकास के लिए गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान की जा रही है।

## सीएम साय के नेतृत्व में नई पहल

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में अनेक नई पहल की जा रही है। राज्य में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू कर किया गया है। नई शिक्षा नीति के तहत कक्षा 5वीं तक बच्चों को स्थानीय भाषा-बोली में शिक्षा दिए जाने का प्रावधान किया गया है। प्रदेश के 341 स्कूलों में पीएमश्री योजना शुरू की गई है, जिसके तहत इन स्कूलों को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस योजना के तहत स्कूलों में स्थानीय भाषाओं के साथ-साथ रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस जैसे आधुनिक विषयों को भी पढ़ाया जाएगा। पीएमश्री स्कूल अंतर्गत आदिवासी बहुल इलाकों में भी स्कूलों को अपग्रेड किया रहा है, जिससे इन क्षेत्रों के बच्चों को भी आधुनिक, ज्ञानपरक और कौशल युक्त शिक्षा मिल रही है।

# इंडियन रोड कांग्रेस वार्षिक अधिवेशन : केन्द्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने देखी तकनीकी उपकरणों की प्रदर्शनी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। राजधानी रायपुर स्थित सांइस कॉलेज ग्राउण्ड में आयोजित इंडियन रोड कांग्रेस के 83वें वार्षिक अधिवेशन के दूसरे दिन केन्द्रीय राज्य मंत्री सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय अजय टम्टा ने नवीन तकनीकी उपकरणों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अधिवेशन में देश के विभिन्न राज्यों से आये केन्द्रीय एवं राज्य सरकार के निर्माण विभागों के अभियंताओं एवं विशेषज्ञों ने नवाचार तकनीकों का प्रयोग करते हुए सड़क निर्माण एवं उनके रखरखाव के उपायों के बारे में बताया गया।**



अधिवेशन के दूसरे दिन के तकनीकी सत्र में शिक्षाविदों, सलाहकारों एवं निर्माणकर्ताओं द्वारा सड़क निर्माण में उपयोग आने वाली नवीन उपकरण, मशीनरी, सामग्री और सॉफ्टवेयर के विषय में विस्तृत रूप से जानकारी दी। प्रथम तकनीकी सत्र में आईआईटी रूड़की से आए रिसर्च स्कॉलर सुश्री प्रीति राय, प्रोफेसर द्वय डॉ. प्रवीण कुमार और डॉ. निखिल साबू ने अपना प्रजेन्टेशन दिया। इसी प्रकार अधिवेशन में आमंत्रित शिक्षाविदों, सलाहकारों, निर्माणकर्ताओं एवं रिचर्स स्कॉलर्स ने सड़क निर्माण एवं संधारण के संबंध में अपना-अपना वक्तव्य दिया।

उल्लेखनीय है कि अधिवेशन में राजमार्ग अनुसंधान बोर्ड (एच.आर.बी.) की 84वीं बैठक हुई जिसमें एचआरबीके अध्यक्ष एवं निदेशक (आरडी) एवं विशेष सचिव सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार डी सारंगी, आईआरसी के महासचिव एसके निर्मल एवं केंद्रीय सरकार, राज्य सरकारें, अनुसंधान संस्थान, शैक्षणिक संस्थान, आईआईटी और निजी क्षेत्र के प्रतिनिधि शामिल थे। बैठक में सड़क अनुसंधान, विकास, और अत्याधुनिक हरित प्रौद्योगिकी पहल की दिशा में रोडमैप बनाने के संबंध में चर्चा की गई।

### विधानसभा उपचुनाव से पहले निर्वाचन आयोग का निर्देश

# मतदाताओं को भ्रमित करने वाले विज्ञापनों पर रोक

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा रायपुर नगर (दक्षिण) विधानसभा उप-निर्वाचन के लिए इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया के साथ ही प्रिंट मीडिया में भ्रामक प्रकृति के विज्ञापनों के प्रकाशन को रोकने के संबंध में व्यापक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत उप-निर्वाचन के लिए मतदान तिथि 13 नवम्बर तथा उसके एक दिन पूर्व प्रिंट मीडिया में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक विज्ञापनों का पूर्वप्रमाणीकरण आवश्यक है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में जारी परिपत्र की जानकारी देते हुए बताया कि मतदान दिवस और उसके एक दिन पूर्व प्रिंट मीडिया में प्रकाशित होने वाले विज्ञापनों के लिए यह अनिवार्य होगा। आयोग के निर्देशानुसार मतदान दिवस और उसके एक दिन पूर्व प्रिंट मीडिया में राजनीतिक विज्ञापनों के प्रकाशन के पूर्व जिला अथवा राज्य स्तरीय मीडिया प्रमाणन समिति से विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणन अनिवार्य किया गया है। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग ने राज्य स्तरीय तथा जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन समिति को प्रमाणन हेतु प्राप्त आवेदन पर त्वरित निर्णय लेने के निर्देश दिए गए हैं।

साथ ही स्पष्ट किया गया है कि आवेदनकर्ताओं द्वारा ऐसे विज्ञापन के प्रस्तावित प्रकाशन दिनांक से कम से कम दो दिवस पूर्व मीडिया प्रमाणन समिति को आवेदन प्रस्तुत किए जाने चाहिए। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती कंगाले ने बताया कि मतदान दिवस के पूर्व एवं मतदान तिथि को प्रिंट मीडिया में भ्रामक प्रकृति के विज्ञापनों के प्रकाशन के बाद वे दल अथवा प्रत्याशी जो इससे प्रभावित होते हैं, उनके पास किसी भी प्रकार की सफाई अथवा खंडन का अवसर नहीं होता। ऐसे में स्वतंत्र, पारदर्शी और निष्पक्ष निर्वाचन के लिए मतदान दिवस के एक दिन पहले और मतदान तिथि को प्रिंट मीडिया में राजनीतिक विज्ञापनों के प्रकाशन के पूर्व विज्ञापनों का पूर्वप्रमाणन आवश्यक है।

# पंचायत विभाग की प्रमुख सचिव ने किया अबूझमाड़ के गांवों का दौरा, विकास कार्यों का लिया जायजा

श्रीकंचनपथ न्यूज



**नारायणपुर।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव निहारिका बारिक सिंह शनिवार को नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र के कई गांवों का दौरा कर विकास एवं निर्माण कार्यों का जायजा लिया। प्रमुख सचिव ने ईरकभट्टी, मसपुर, सोनपुर, और ढोंडरीबेड़ा के ग्रामीणों से रूबरू चर्चा कर सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और ग्रामीणों को मिल रहे लाभ के बारे में जानकारी लीं। इस दौरान मनरेगा आयुक्त रजत बंसल, नारायणपुर कलेक्टर बिपिन मांझी, पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रमुख सचिव सिंह ने ईरकभट्टी और मसपुर गांवों के ग्रामीणों से आधार कार्ड, राशन कार्ड और आयुष्मान कार्ड की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। प्रमुख सचिव ने शत-प्रतिशत ग्रामीणों को इसकी उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विशेष शिविर लगाने के निर्देश जिला प्रशासन के अधिकारियों को दिए ताकि शासन द्वारा प्रदत्त सुविधाओं एवं संचालित सभी योजनाओं का लाभ ग्रामीण को मिल सके। ग्रामीणों ने पुलिस कैंप स्थापित होने से सुरक्षा में सुधार की सराहना की।

## कुपोषण उन्मूलन और स्वास्थ्य सेवाओं पर जोर

मसपुर के आंगनबाड़ी केंद्र में निरीक्षण के दौरान प्रमुख सचिव सुश्री सिंह ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को कुपोषण उन्मूलन के लिए ठोस प्रयास करने के निर्देश दिए। उप-स्वास्थ्य केंद्र में उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की और एएनएम से दवाओं और टीकाकरण की जानकारी ली। उन्होंने समस्त गर्भवती माताओ और बच्चों का शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रमुख सचिव सुश्री सिंह ने ईरकभट्टी के सगनुराम पोटाई को 'बैंक सखी' के रूप में प्रशिक्षित करने के निर्देश दिए ताकि गांव में बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। उन्होंने ग्रामीणों को मनरेगा के तहत ऑनलाइन मजदूरी भुगतान की जानकारी दी और स्व-सहायता समूहों के गठन का सुझाव दिया। ग्रामीणों की मांग पर नगद भुगतान का भी आश्वासन दिया। इसके अलावा, नारायणपुर से गारपा तक नियमित बस सेवा का शुभारंभ किया। उन्होंने सोनपुर में बैंक शाखा खोलने और गांव में जल संरक्षण हेतु डबरी निर्माण कार्य स्वीकृति के लिए कार्यवाही की बात कही।

# कार्डियक अरेस्ट होने पर सही समय पर सीपीआर मिलने से बच सकता है मरीज : डॉ. प्रतिभा

### नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय में बीएलएस एवं एसीएलएस के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ समापन

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** कार्डियक अरेस्ट के केस में सही समय पर कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) नहीं मिलने पर रोगी की मृत्यु हो जाती है। कार्डियक अरेस्ट के केस में यह देखने को मिला है कि सही समय पर सीपीआर मिलने से व्यक्ति के जीवित रहने की संभावना 30 प्रतिशत तक बढ़ जाती है। वहीं सही समय पर सीपीआर नहीं मिलने पर हर एक मिनट में मृत होने की संभावना बढ़ती जाती है और लगभग 6 से 8 मिनट में मरीज की पूर्णत: मस्तिष्क क्षति हो जाती है जिसे मेडिकल भाषा में हाइपोक्सिक ब्रेन डैमेज कहते हैं। यह स्थिति तब निर्मित होती है जब मस्तिष्क को पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं मिलता है। यह जानकारी बेसिक लाइफ सपोर्ट एवं एडवांस कार्डियक लाइफ सपोर्ट की कार्यशाला के अंतिम दिन प्रशिक्षण देते हुए कोर्स इंस्ट्रक्टर डॉ. प्रतिभा जैन शाह ने प्रतिभागी चिकित्सा छात्रों को दी।

पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के चौथी मंजिल स्थित स्किल लैब में आयोजित इस कार्यशाला में प्रतिभागियों को आज हाई क्वालिटी सीपीआर, डिफिब्रिलेशन, कार्डियोवर्शन एवं पेसिंग की प्रैक्टिस करवाई गई। पं. नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय एवं अम्बेडकर अस्पताल के एनेस्थेसिया एवं पेन मैनेजमेंट विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यशाला की कोर्स कोऑर्डिनेटर एवं इंस्ट्रक्टर विभागाध्यक्ष डॉ. प्रतिभा जैन शाह एवं इमर्जेंसी मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. शिवम पटेल हैं। इनके साथ ही श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस रायपुर की डॉ. अनीषा नागरिया, रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल रायपुर के इमरजेंसी मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. बालाजी शाह, गुजरात के डॉ. जनक खम्बोल्झा और एम्स जोधपुर की डॉ. भारती गिंडलानी ने छात्रों को बीएलएस एवं एसीएलएस कोर्स का प्रशिक्षण दिया।

## बेसिक लाइफसपोर्ट की जानकारी से बचा सकते हैं लोगों की जान

आपात स्थितियों में लोगों की जीवन रक्षा करने के लिए आयोजित इस कार्यशाला की सराहना करते हुए अधिष्ठाता डॉ. विवेक चौधरी ने कहा कि व्यक्ति को कार्डियक अरेस्ट कहीं भी, किसी भी जगह हो सकता है ऐसे में बेसिक लाइफसपोर्ट कोर्स से प्राप्त प्रशिक्षण की मदद से हम लोगों का बहुमूल्य जीवन बचा सकते हैं। यह कोर्स हमें सिखाता है कि विपरीत परिस्थितियों में बिना घबराये नाड़ी और श्वसन गति का परीक्षण करके हम व्यक्ति की जान बचा सकते हैं।

## सीपीआर कोई भी कर सकता है

इमर्जेंसी मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. शिवम पटेल ने हाई क्वालिटी सीपीआर का प्रशिक्षण देते हुए बताया कि 30 बार चेस्ट कंप्रेशन के बाद 2 बार ब्रेथ देना होता है। सीपीआर कोई भी कर सकता है इसके लिए डॉक्टर या मेडिकल टीम होना जरूरी नहीं है। आजकल स्कूल-कॉलेज में भी बेसिक कार्डियक लाइफ सपोर्ट की ट्रेनिंग दी जाती है। लोगों की अधिक से अधिक जीवन रक्षा के लिए इस प्रशिक्षण पर और अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है और ऐसे प्रोग्राम को सपोर्ट करने की जरूरत भी है।

## एडवांस कार्डियक लाइफ सपोर्ट की दी जानकारी

विशेषज्ञों ने बेसिक लाइफ सपोर्ट के अंतर्गत छात्रों को चेस्ट कंप्रेशन (जीवन रक्षा के लिए छाती पर दबाव डालने की विधि) की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया और मैनकिन (डमी) में बारी-बारी से सबको अभ्यास करवाया।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950